तो यह ई० एस० आई० की हालत है और आप के वर्कमैन कम्पेसेशन एक्ट की क्या हालत है। जो हालत ई० एस० आई० की है वही हालत उस की भा है। वर्कमैन कम्पेंसेशन एक्ट में भी 500 रुपये की लिमिट है। 500 रुपये से ज्यादा तनख्वाह वाले पर वह लागू नही होता। प्रधान मंत्री जी के पास जाने पर ई० एस० आई० का यह एमेंडमेंट तो हो गया, किन्तु अन्य के लिए भी क्या उनके पास जाऊ और अगर मैं इसी तरह से जाता रहू और काम कराता रहूं तो फिर श्रम विभाग की क्या जरूरत है, लेबर मिनिस्ट्री की क्या जरूरत है। आपको इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि आपके अफसर मजदूरो के बीच में खाई क्यों बने हुए है। श्रम विभाग इसलिए कायम किया गया है कि मजदूरों को तत्काल न्याय मिले लेकिन मुझे यह सब बातें देख कर बहुत दु:ख होता है। प्रोविडेंट फंड की क्या हालत है और ई० एस० आई० की क्या हालत है। वर्कमैन कम्पेंसेशन एक्ट 500 रुपये से ज्यादा वालों पर लागू नही होगा। कितने कारखाने हैं और उनमें कितने एक्सीडेंट होते हैं। इसी तरह से आप देखें कि पेमेन्ट आफ वेजेज एक्ट का क्या हाल है जिसमें 400 रुपये की सीमा है। 400 रुपये तक तनख्वाह पाने वालों पर पेमेन्ट आफ वेजेज एक्ट लागू होगा लेकिन सिर्फ मजदूर को 500 रुपये मिलता है या 400 रुपये से कुछ ज्यादा मिलता है और उस मजदूर का वेतन नहीं दिया गया, तो लेबरकोर्ट में या अन्य कोर्ट में श्रमिक नहीं जा सकते हैं। सब कानून आपके ऐसे ही लूले बने हुए है इंडस्ट्रियल लेबर हाउसिंग का आपका कानून है मकान किस को मिलेगा ? गवर्नमेंट की ओर के जो बना हुआ मकान है वह उसी श्रमिक को मिलेगा जो किसी उद्योग में काम करता हो और जिसका प्रोविडेंट फंड कटता होगा और 500 रुपये से नीचे जिसको वेतन मिलता होगा। उसकी लिमिट भी 500 से अधिक बढ़ाने की बात है। एक मजदूर का चीर किधर किधर खींचा जाता है। तो श्रीमन, यह सर्वसम्मत बिल नहीं है जैसा मंत्री जी ने कहा और यह बहुत ही विवादग्रस्त बिल है। आपको इस पर विचार करना होगा कि ये सारे जो लेबर लाज हैं यह बहुत पुराने जमाने के हैं। आप का वर्कमैन कम्पेसेशन एक्ट कब का है पेमेन्ट आफ वेजेज एक्ट कब का है। 1936 में पेमेन्ट आफ वेजेज एक्ट बना और 1923 में वर्कमैन कम्पेसेशन एक्ट बना मैं समझता हूं कि जो उम्र हमारी है। उससे ज्यादा उम्र के आप के ये कानून हो गये है। आज इस जमाने में जब 20 सूत्री कार्यक्रम हिन्दुस्तान के लोगों के सामने आया है, तो गरीब यह सोच रहा है कि अब हमारे दिन फिरे हैं। तो मैं मानता हूं कि लेबर डिपार्टमेंट में जो बैठे हुए हैं उनका मगज भी फिर जाना चाहिए और उन को उस हालत में नहीं रहना चाहिए जिसमें वे हैं। मेरे और बहुत से साथी बोलने वाले हैं, इसलिए मैं ज्यादा समय लेना नहीं चाहता। आप मुझे यह बतलाइए कि वर्कर्स का जो चन्दा कट रहा है, उसका फायदा उसको नहीं मिला है। वह समझता नहीं है क्योंकि वह अज्ञानी है।

[श्री रामसिंह भाई]

लेबर लीडर ऐसे हैं जो उसको बताते नहीं हैं और वे आपके आगे-पीछे चलने वाले है। हम उनके प्रतिनिधि हैं और सही माइने में प्रतिनिधि हैं। हम उन मजदूरों से चन्दा लेकर काम नहीं करते हैं लेकिन अपना जीवन उनको दे रहे हैं और देते रहेंगे। हम आपसे लड़ते रहेंगे उनको न्याय दिलाने की खातिर। इसलिए मैं फिर से निवेदन करना चाहता हू कि हमें कुछ नही चाहिए। हम लोक सभा में रहें या न रहें, फिर भी हम आनन्द मे रहेगे क्योंकि फुटपाथ पर चलने वाला आदमी हमेशा सुखी रहता है। यह मै निवेदन करना चाहता हूं कि आप सोचिये, विचारिये। आप अपने डिपार्टमेंट को खूब मीचिये और दो चार को मीजा मे क्यो नहीं रख देते। म आपसे सच कहता हू कि आज ई० एम० आई० के डाक्टरों का क्या हाल है। वे मजदूरो को झूठे प्रमाणपत्र दे देते हैं बीमारी के। मैं आप को नाम बता सकता हू कि मीजा के अदर जिस व्यक्ति के वारन्ट है, ई० एम० आई० के डाक्टर ने बीमारी का सर्टिफिकेट उसको दे दिया और वह उसको लेकर घूम रहा है। कारखाने के अन्दर किसी आदमी को ससपेंशन का नोटिस देना होता है तो डाक्टर झूठा उसको बीमारी का प्रमाणपत्र दे देता है। अब उस हालत मे उसको नोटिस नहीं दिया जा सकता है, डिसचार्ज, या डिसमिस का उसको नोटिस नही दिया जा सकता, यह आपका कानून है। इस तरह से चोर बदमाश इसका फायदा उठा रहे हैं।

मैं आपको बताऊं कि दवाओं पर आपका खर्च नही हो रहा है। लोगों ने एक रास्ता देख लिया है। आप मुझे बताइए कि कौन बेनिफिट पर आप कितनी रकम देते हैं। इस पर कितनी रकम ई० एम० आई० की चली जाती है। लोग सर्टिफिकेट ले कर जाते है, दस दस और पन्द्रह-पन्द्रह दिन की बीमारी की छुट्टी लेने। इस तरह 56 दिन तक का पैसा ले लेते हैं क्योंकि 56 दिन तक की बीमारी की छुट्टी लेने का अधिकार है। सारा ई० एम० आई० का पैसा इन्हीं बातों पर खर्च हो रहा है। डाक्टरों पर खर्च नहीं हो रहा है, नर्सों कम्पाउण्डरों और दवा पर नही हो रहा है क्योंकि आप उनको उतनी पगार दे नहीं सकते है। वे आपकी योजना में कभी नही आएंगे क्योंकि प्रोइवेट प्रेक्टिस भी वे नही कर सकते हैं। जो दवाइयां वगैरह आती हैं उनको कम्पाउण्डर आदि बाजारों में बेचते हैं। यह छिपी हुई बात नही है। आप मेरे साथ आइये या किसी को मेरे साथ भेजिये मैं दिखा सकता हू आप चन्दा लेते है लेकिन स्टेट गवर्नमेंटस के ऊपर आपने एडमिनिस्ट्रेशन छोड़ दिया है। स्टेट गवर्नमेंटस ने कुछ श्रम विभाग को सौपा है और कुछ हेल्थ डिपार्टमेंट को। जैसा मैंने कहा द्रौपदी जैसा हाल हो रहा है इस योजना का हाल बेहाल है। इस ओर आप ध्यान दें। पैसे आप लेते, इस वास्ते जवाबदारी भी आपकी है और आप यह भी देखें कि मजदूरों को उससे फायदा पहुंचे। उनको फायदा पहुंचेगा तो वे आपको दुआ देंगे और मेहनत से और ईमानदारी से काम करेंगे। इतना ही मैं निवेदन करना चाहता हू।

SHRI B. R. SHUKLA (Bahraich): Mr. Chairman, Sir, I welcome this amending Bill. I think, it was long overdue, as I have experience of some cases arising out of this Act in which many mill-owners have been deducting contributions out of the employees' salaries and wages and have not deposited for years in their account. The legal difficulty is that such cases cannot be instituted in court under this Act unless there is a complaint in writing by the Regional Provident Fund Commissioner.

Our society is still dominated by vested interests, mill-owners, mill

directors, who are hand in glove with these big officials. They dine with them; they dance with them and they linger on the filing of the complaint in court. However, after repeated efforts, if any complaint is filed in court, then the penalty provided under Section 85 of the Principal Act is that the offender can be let off with light imprisonment or fine. This amending Bill is very welcome in this respect that it makes awarding of imprisonment of three months as a compulsory punishment and they cannot be let off with fine Under any criminal law where there is any discretion left to a criminal court to let off an offender merely with a fine, that would not deter the big monopolists, big mill-owners and vested class of people from repeating the crime

There is one thing here. In clause 4 of the amending Bill, a provision is sought to be made that where he commits an offence under sub-clause (a), there shall be imprisonment for a term which may extend to six months but it shall not be less than three months in case of failure to pay the employees' contribution which has been deducted by him from the employees' wages. Here, the punishment is six months but the minimum punishment provided is three months.

Another salutory feature which has been sought to be introduced in this amending Bill is provided in clause 9, namely, "a person who fails to deposit the deducted amount in the account of the employees' provident fund shall be deemed to have committed an offence under Section 405 of the Indian Penal Code". That is to say, such an act of deduction but not depositing in the employees' provident fund account would be deemed to be an offence of "misappropriation". Now, there have been certain rulings where such deductions and their utilisation by the employer have been deemed to be an offenee of "misappropriation".

15.23 hrs.

(Shri H. K. L. Bhagat in the Chair.)

But there were other courts which took a different view. Therefore, the insertion of this new clause is a proper step in this direction. While it is going to be an offence under Section 405, it is also an offence under Section 85, that is, for the same act two offences are being made out, one under the Indian Penal Code, where the punishment is much higher, much more severe and the other under this very Act. I want that this depulication of offence should not be there. The offence for misappropriation can be initiated in a court of law even without being a complaint from the specified officer; the court can take cognizance of such offences even on a complaint by a private person; the employee himself can initiate the criminal proceedings, but the rights are circumscribed under Section 85, of this Act. Therefore, the hon. Minister may kindly ponder over this matter and bring an appropriate change that even an offence under Section 85 can be initiated and the court can take cognizance winthout the sanction of the Provident Fund Commissioner, otherwise my submission is that the benefit of Section 85 would not be available to the employee.

So far as Section 405 is concerned, the police would not take cognizance; they will say that this matter is pending before a high officer, why should they go out of their way. Therefore, this duplication is unnecessary; it will create confusion.

It is a welcome amendment that if within the time fixed or within the time extended after the conviction an employer fails to pay the amount, he would be deemed to have committed a further offence for which he shall be liable as provided under Section 85. My submission is, for how many times he would be deemed to have committed further offences. A person has been convicted for failure to pay the amount, and he is again convicted and

[Shri B. R. Shukla]

he again fails, how long we can extend this. After all, the aim and object is that the person should be penalised by awarding the sentence of imprisonment. My submission is that the best thing would be that there should be a provision for payment of interest at a rate which is higher than the bank rate on the arrears of the deducted amount. The employer would not be tempted or inclined to keep the amount because he would have to pay interest on the arrears at an enhanced rate, which would be more than the market rate permissible by the bank.

Further, Sir, the payment of such arrears should be made the first charge on the assets and the resources of the establishment or of the company. That will facilitate the payment. After excluding the dues which are to be paid to Government, such as the Excise duty arrears, sales-tax arrears or other governmental charges the amounts which become due to the employees, should become the first charge and the property of these establishments should be attached. Only then the arrears can be cleared up. Mere passing of the law would not go a long way in helping the wage-earners, the employees. A salutory provision should also be made that prosecution can be initiated without the sanction of the prescribed authority.

With these words, I whole-heartedly support the amending provisions of this Bill.

SHRI C. M. STEPHEN (Muvattupuzha): This Bill with respect to which I would submit I welcome so far as it goes. But I am sorry that it has not gone for enough. This is a half-hearted measure. As I said, half-hearted although it is, it serves a certain purpose in the matter of raising of the wages whereby the employees become entitled to the benefit of the Employees' State Insurance Act and the collection of the money is made more stringent to a certain extent. But I was feeling and I agree completely with Dr. Ranen Sen with respect to the so-called punitive measure, it is all white-washing and a camouflaging affair. Let us have close look at it which Dr. Ranen Sen has very incisively made and I have only a few observations more to make.

The Act as it goes makes an offence under this Act punishable with three month's imprisonment and a fine of Rs. 500—something like that. Now, one particular offence is bifurcated. That is the failure of the payment of the contribution. There, three contingencies are contemplated. (1) The payment of the amounts of the employee's contribution, (2) the payment of the employer's contribution and (3) subsequent offences of the same nature. Now, with respect of to those, they say that if it is payment of a contribution, then punishment is such and such, but, if it is a failure of the payment of the employee's contribution, there is an enhanced punishment fixed with an absolute minimum. This is what they have done. But the whole mischief comes in the proviso which says:

> "Provided that the Court may, for any adequate and special reasons to be recorded in the judgment, impose a sentence of imprisonment for a lesser term or of fine only in lieu of imprisonment."

May I humbly ask: why this absolute minimum become necessary? It was because of the inclination of the courts which we have been sowing successively to take a soft view of the things and allowing persons to get away, may be, till the rising of the court or a small fine of Rs. 10 and the employee going away with all the hardship. Now, the Parliament and the legislative assemblies expected of the courts to take a particular view. As was stated here by another Minister the other day, if a poor labourer

or a hungry man steals a loaf of bread the court, with all fury and righteous indignation, sends him to imprisonments for six months or may be a year or two years. But, if an affluent man, millionaire he may be, robs the worker and does not pay, then they are hesitant to inflict a similar punishment on him. This we saw in the execution of the Provident fund law, in the execution of the economic laws and in the execution of all labour laws we have been seeing this. Therefore, the legislatures thought it appropriate that their hands must be tied and they must be forced to give this much of punishment. Having accepted that, here comes a proviso. Immediately a soft attitude develops with the employer assuming that there is some attenuating circumstances, circumstances whereby this was not paid. Then, this seat of justice must be given a latitude whereby he can say, 'I award him imprisonment till the rising of the court or a fine of Rs. 100.' so that justice may be served. Is it not hypocrisy? Why, for heaven's sake did you bring in this provision with a proviso added? In the Provident Fund Act the proviso is still there. In the Gratuity Act there was this proviso but the members of this House fought and the result was that the proviso was removed and if it is case of non-payment of gratuity, the court has no discretion at all. They will have to send me to jail, and there is no discretion. With respect to insurance with respective to gratuity hard position could be taken. With respect to Provident Fund under Employees State Insurance Scheme why should you give discretion to the court to say "I find him guilty, he has collected money. The employer has not paid and, therefore, the employees has not been getting the benefit of insurance, he has not been getting medical benefit?" After having found all the fact, why should you give discretion to the court to say 'for reasons to be recorded in writing'. If that is done, will all injustice be removed? The court may then get back to the old habit of just patting the man on the back and saying. "All right I forgive you. Be in the imprisonment upto the rising of the court. Myself and you will together rise". I say this is a half hearted hypocritic measure.

Now we come to the other question namely of subsequent offence.

"Provided that where such subsequent offence is for failure by the employer to pay any contribution which under this Act he is liable to pay"

I am not sure whether where he fails to pay my contribution, he is punished. If he fails to pay for another factory. I would like to know whether or not that would be deemed as a subsequent offence. I am not very clear about it. Why this word 'any'—I do not understand. Why could you not quit "any"? If you omit 'any' then it will become mere genral. Then it will read committting subsequent offence.

Then, look to the types of offences—

"(a) fails to pay any contribution which under this Act he is liable to pay, or

(b) deduct or attempts to deduct from the wages of an employee the whole or any part of the employers' contribution".

Now if an employer deducts the entire contribution from the employee then if he pays the whole thing...

SHRI RAGHUNATHA REDDY: What was the previous punishment?

SHRI C. M. STEPHEN: Previous punishment you have raised. What is the benefit of it unless you fix up an absolute minimum? What I am saying is why have this in sub clause (a)? You have now categorised it in (a) to (g). The same punishment was there. Now Mr. Raghunatha Reddy,

(SHRI C. M. STEPHEN)

speaking on behalf of the Ministry is taking a serious view of sub clause (a) even when there was hotch potch as I have shown.

What about clause (b)? I am putting the question to you. An employer collects his own contribution from my wages and pays the whole thing to the other person. No offence committed? The offence is committed. Then the employer is collecting his contribution from my wages and getting out of the hard punishment. Why do you not have a look at it again? Is it not more heinous than the other one?

"(c) In contravention of section 72 reduces the wages or any privileges or benefits admissible to an employee,"

That also you do not consider as a serious crime.

"(d) in contravention of section 73 or any regulation dismisses, discharges, reduces or otherwise punishes an employee, or"

That also you do not consider a serious matter? Why could you not put all this at one place? Therefore if I deduct from the employees wages my contribution and pay the whole contribution....

SHRI RAGHUNATHA REDDY: I shall take your advice and come forward with an amending Bill.

SHRI C. M. STEPHEN: .. and pay the whole contribution, then he is a mild offender. It is not his money. If he does two offences together, he becomes a milder ocender.' If we robs me of salary and pays, it becomes the mildest offence?

MR. CHAIRMAN: Mr. Stephen, the Minister has said that he will take your advice and come forward with an amending bill.

SHRI C. M. STEPHEN: I understand the spirit and tone of it. I do not reply to it.

MR. CHAIRMAN: No, no, you should...

SHRI C. M. STEPHEN: I do not reply to that. Not that I do not know how to reply it but I do not expect that sort of reaction from a person like Mr. Reddy.

So, this is the total picture.

SHRI RAGHUNATHA REDDY: What I said was well-intentioned. I fully realise the significance of your speech. We are keeping it in mind; we will look into the matter.

SHRI C. M. STEPHEN: I accept his assurance. Therefore I am winding up. All I am submitting is only this. The Govrenment as a whole, not merely the Labour Ministry, in the wake of the present emergncy, should look into it and tak a stricter attitude towards certain types of offences, offences against the poor worker and against the economic laws of the country. A stricter attitude has got to be taken and that is to be reflected in the laws which we are enacting. For whatever has been done by this Bill I compliment the Government for it. But my complaint is that it has not gone for enough. I do not agree with Shri Shukla ji on his comments about the amendment of the Penal Code. By reason of this amendment the worker against whom an offence is comitted under this Act can on his own go to some authority in spite of the collusion of a few officers with the employees. To the extent it has gone, I support the Bill, but I repeat what I said in the beginning that it would have been better if it had gone further-enough. But, Sir, I take the assurance of the hon Minister, that in leisure time he will have a deeper look into this mater.

श्री रामावतार शास्त्री (पटना) : सभापति महोदय, यह तो विधेयक कर्मचारी राज्य बीमा योजना के अन्तर्गत प्रस्तुत है मैं इस बात का स्वागत करता हूं। मैं केवल एकबात कहना चाहता हूं जिस की तरफ मंत्री जी का ध्यान जाना चाहिए। ऐसे बहुत सारे सदस्यों ने बहुत सारी बातों पर रोशनी डाली हैं। मैं केवल अस्पतालों की जो आज दुरव्यवस्था है उस की तरफ आप का ध्यान दिलाऊंगा। आप पैसे तो मजदूरों से भी जमा कर रहे हैं और जो मालिक समय पर नहीं देते या कभी नहीं देते उन को सजा देने की भी व्यवस्था कर रहे हैं। वह तो ठीक कर रहे हैं। इसीलिए कोई भी ट्रेड यूनियन में काम करने वाला कार्यकर्त्ता आप के इस प्रयास की प्रशंसा ही करेगा। लेकिन आप को अर्थात् सरकार को यह भी देखना चाहिए कि ई एस आई कारपोरेशन या मेडिकल बेनिफिट कौंसिल के पास जो इस तरीके से धनराशि जमा होती है उस का सदुपयोग होता है या दुरुपयोग होता है। जो आप की मंशा या उद्देश्य है कि हम मजदूरों की ज्यादा से ज्यादा चिकित्सा करा सकें, उन्हें बीमारियों से बचा सकें, यह उद्देश्य पूरा होता है या नही, इस बात को भ देखना आप का कर्त्तव्य है और शायद सब से बड़ा कर्त्तव्य है। लेकिन इस तरफ मेरे ख्याल से ज्यादा ध्यान नहीं दिया जा रहा हैं।

अस्पतालों में चले जाइए, डिस्पेंसरियों में चले जाइए, मजदूरों की बात कोई सुनता नहीं। दवाइयों का स्टाक ठीक नही रहता। जिस दवा की आवश्यकता होती है वह दवा मिलती नहीं है। इन दिनों तो दवाओं की सप्लाई पर नियंत्रण भी है कि यह दवा मिलेगी और यह दवा नहीं मिलेगी और यह सर्वत्र है, केवल ई एस आई के ही अस्पतालों में नहीं है। लेकिन आप के अस्पतालों में ज्यादातर पानी दिया जाता है मिक्सचर के नाम पर, उस को गंगाजल कहिए, पानी कहिए, मिक्सचर के नाम पर वही मिलता है। आप के कम्पाउंडर से समझा कि डाक्टर ने दवा दे दी, उस ने उठा कर मिक्सचर दे दिया और ए पी सी का पाउडर जरूर दिया जाता है। कोई भी बीमारी हो ए पी सी का पाउडर दे दिया, आप का काम खत्म हो गया। कभी तो मिक्सचर के नाम पर पानी और कभी ए पी सी का पाउडर यही वहां मिलता है।

इस के अलावा आप जानते हैं आजकल बीमारियां भी बहुत बढ़ रही हैं। आप जितना उपाय करते हैं उतना ही बीमारियां भी अपने बढ़ने का उपाय कर लेती हैं। ऐसी अवस्था में उन को यदि समुचित दवा नहीं दी जायगी और मेरा ख्याल है कि आम तौर से मजदूरों को समुचित दवा नहीं दी जाती तो इस की वजह से वह परेशान हो जाते हैं, उन की बीमारिया अच्छी नहीं होती और बहुत सारे लोग काल कवलित भी हो जाते है, ऐसी ऐसी बीमारियां उन को हो जाती हैं। मेरा निवेदन है मंत्री महोदय से कि जो भी राशि इन कारपोरेशनों के पास जमा है जिस राशि को जमा करने पर सरकार इतना ध्यान दे रही है उस राशि से ज्यादा से ज्यादा दवा दी जाय। अभी आप का पैसा प्रशासन पर ज्यादा खर्च होता है। खर्च होना चाहिए डाक्टरों पर, नर्सेज पर, दवाओं पर, अस्पतालों में जो हैं ज्यादा बढ़ाई जायं, बेड्स ज्यादा बढ़ाए जायं इन पर, लेकिन इस तरफ सानुपातिक रूप से आप देखेंगे कम खर्च होता है और ऐडमिनिस्ट्रेशन पर ज्यादा खर्च होता है। इसलिए ऐडमिनिस्ट्रेशन पर जो खर्च होता हैं उस को कम करने की कोशिश करनी चाहिए। टाप हेवी ऐडमिनिस्ट्रेशन नहीं होना चाहिए। यह चीज सरकार के तमाम विभागों में है जिस से आप का विभाग या ई एस आई का विभाग बचा हुआ नही है इस को रोकने की जरूरत है और ज्यादा से ज्यादा इस में इन को हम चिकित्सा और एक्सपर्ट ट्रीटमेंट मुहैया करे। बहुत से मजदूरों को उस की जरूरत पड़ती है लेकिन क्या आप एक्सपर्ट ट्रीटमेंट दे पाते हैं ? क्या आप ने इस का लेखा जोखा कराने की कोशिश की है कि कितने मजदूरों को एक्सपर्ट ट्रीटमेंट

[श्री रामावतार शास्त्री]

विशेष चिकित्सा या विशेषज्ञ चिकित्सा की जरूरत है ? अगर इस का आप लेखा जोखा लेने की कोशिश करेंगे तो आप को अन्दाज मिलेगा कि अधिकांश मजदूरों को इस तरह की चिकित्सा नहीं मिलती । यदि मजदूरों की हालत देखें तो मालूम होगा कि डाक्टर ने स्लिप दे दी एक्सपर्ट ट्रीटमेंट के लिए, अब वह जनरल अस्पताल में दौड़ा दौड़ी कर रहे हैं । फुटबाल की तरह यहां जाते हैं फिर वहां जाते हैं, फिर यहां आते हैं । उन को ट्रीटमेंट मिलता नहीं है । इस तरफ ध्यान कौन देगा ? ई एस आई को ही ध्यान देना है, सरकार को ध्यान देना है क्यों कि यह काम सर्वोपरि ध्यान देने का है । लेकिन यह बात नही हो रही है ।

राम सिंह भाई ने ठीक कहा है कि डाक्टर ही नहीं हैं तो दवा क्या होगी ? दवा लिखने वाला ही नहीं है । अगर दवा लिखने वाला है तो दवा बांटने वाला नहीं है । और अगर दवा बांटने वाला नहीं है तो घटे दो घंट बैठ कर मजदूर चला गया । दवा बांटने वाला आया तो दवा लेने वाला नहीं है । यह व्यवस्था रहेगी तो जो आप का मंशा है वह बड़ा ही सुन्दर है, सराहनीय है, प्रशंसनीय है, मगर वह किताब में ही रह जायगा । पार्लियामेंट में भी हम लोग बोल देंगे, यहां की रिपोर्ट में भी यह बात छप जायगी । इस समय तो अखबार में भी यह बात नहीं छपेगी क्यों कि आप का सेंशर विराजमान है । हम ने सुना है कि वह सेंशर प्रधान मंत्री के भाषण का भी काट देता है तो हम लोगों के भाषण को कौन छापने वाला है ।

मैं चाहूंगा कि जो हम लोग बोल रहे हैं इस पर आप का ध्यान जाना चाहिए और डाक्टर, विशेष चिकित्सा और अस्पतालों की व्यवस्था होनी चाहिए । राम सिंह भाई ने कहा कि बहुत सी जगह तो एक्सरे की मशीनें हैं, लेकिन हम तो कहते हैं कि बहुत सी जगहों में अस्पतालों का एक्विपमेंट ही नहीं है । एक दो जगह है जहां बड़े बड़े अस्पताल हैं, लेकिन आप की यह कर्मचारी राज्य बीमा योजना देश के कोने कोने में फैली हुई है । इस की व्यवस्था सुदूर क्षेत्रों तक है । मगर सब जगह अस्पतालों मे सब तरह की व्यवस्था नही है । औरतों की चिकित्सा की व्यवस्था तो बहुत कम है । जिस अनुपात में होनी चाहिए उस अनुपात में नहीं है । तो के ल इमीलिए मैं इसपर बोल रहा हूं । वैसे मै इस पर बोलने वाला नहीं था । इस बात की तरफ मैं आप का ध्यान दिलाना चाहता हू कि पैसा जो लिया जायगा, जरूरत पड़ने पर मजदूरों से तो लेते ही हैं, जो मालिक नही दे रहे है उन को सजा देने की व्यवस्था भी कर रहे है, वह सब ठीक है, कीजिए लेकिन उस पैसे का सदुपयोग हो, दुरुपयोग नही हो और जिस के लिए ले रहे है उस को उस का लाभ मिले जो आज नही मिल पा रहा है । इस तरफ मै आप का ध्यान दिलाना चाहता हूं । मुझे विश्वास है कि आप का ध्यान और ई एस आई का ध्यान जरूर इस तरफ होगा । सभी मजदूर ज्यादा सतुष्ट होंगे । वरना कानून आप केवल बनाते जाएंगे लेकिन उस कानून से उन्हे लाभ नही मिलेगा तो फिर काम नही चलेगा ।

SHRI RAJA KULKARNI (Bombay-North-East): Mr. Chairman, Sir, I wholeheartedly support this amending Bill. There are mainly three points in this amending Bill.

One is, of course, enhancing the wage limit in respect of insured persons from Rs. 500 to Rs. 1,000 per month. As a matter of fact, this has been long pending. The purpose in enhancing this wage limit is, of course partly to bring back—it is almost like catching—some of the insured workers, some workers who were, few years ago, covered under this scheme but subsequently had to go out the scheme because of the increase in their salaries beyond Rs. 500 as a result of increase in dearness allowance

and so on consequent on the increase in the cost of living index. Therefore, in that respect, this enhancement of the limit has the purpose of bringing back those who were out of the scheme. There is also the purpose that by extension of the application of the Act, more people can now be covered from all new industries. Now, more people, under the Shops and Establishments Act and other services, would be covered. Therefore, both ways, this enhancement of the limit would give more coverage and wider coverage. It also entails more responsibilities on the part of the Corporation and I am sure the Labour Ministry will look into the working of the Corporation from that point of view.

Now, when we are trying to bring in more and more workers from different industries, transport undertakings and other services, we should also go into the structure of the Corporation, the working of the Corporation and the benefits given to the employees. We have to see how more efficient service can be rendered. I am sure the Labour Ministry will look into this. As a matter of fact, we were thinking that the Labour Ministry would bring forward a comprehensive legislation on the Employees' State Insurance Corporation for the purpose of re-structuring it and giving more powers to it. But, we are still missing that comprehensive approach of the Labour Ministry when the Corporation is being given more responsibilities. There is a necessity to reorganise the Corporation by treating it as an autonomous Corporation. Now, when we are raising the wage limit bringing in more workers and thus increasing the quantity, we should also look to the quality. Our Labour Minister is conversant with the principle that quantity also changes into quality. Therefore, the present status and the structure of the Corporation must also undergo a change. It must become more autonomous. I hope the Labour Minister will, in the immediate future, come forward with a comprehensive legislation on the new status and functions of the Corporation.

The second point that is covered is in respect of fines and penalties, hard penalties. Much has been said about this and I agree with all that. I do not know with all the harsh penalties now sugested how far they will be effective, how far they will be implemented in reality or how far they would be more relevant. But with all that, I would like to have a clarification from the Labour Minister as to how far the penalty provisions have been implemented in the past. Of course, every effort is to be made for recovery from defaulters.

Take, for example, the crores of rupees which have yet to be recovered, contributions deducted by the employers, workers' contributions as well as the employers' contributions, not deposited, thereby making a default. Years pass away. A lot of proceeding have been there, litigation has been there. How to avoid it? I do not know how much time of the officers of the Corporation is wasted in all these reecovery proceedings. There has to be some kind of an arrangement for the recovery of these contributions. Something has to be done apart from providing for rigorous penalty. Will the rigorous penalty now provided reduce litigation and time spent by the officers of the Corporation in all these legal proceedings? Probably more time of the Corporation is spent on legal proceedings than on the administration of medicines or hospital arrangements. So I would like a proper study made and a report asked for from the Corporation about the time spent on legal proceedings as compared to the time spent on medical treatment itself.

The third point to which I would like to draw the attention is in regard to Sec. 93A—Clause 6 of the Bill. I would like to have a clarification on

[Shri Raja Kulkarni]

this point. Supose there is a big defaulter, the transfer of establishment takes place and no liability comes to the new employer. The proposed sec. 93A reads:

> "Where an employer, in relation to a factory or establishment, transfers that factory or establishment in whole or in part, by sale, gift, lease or licence or in any other manner whatsoever."

What does this expression 'or in any other manner whatsoever' mean? Does it specifically include acquisition proceedings? Last year when Government through the National Textile Corporation took over the sick mills, the original owners of the sick mills were defaulters. Dues were to be paid by them. When the mills were taken over and the Bill came here the Corporation had to lose crores of rupees which were not paid, which were due to be recovered from the old employers. Government refused to take up that liability. When this has happened in the recent past, as early as in 1974, are you including in this expression 'or in any other manner whatsoever' acquisition proceedings. They do not come under 'sale' or 'licence', but do they come under this? I would like to have this clarification.

With these words, I support the Bill.

16 hrs.

SHRI N. K. SANGHI (Jalore): I rise to support this amending Bill. My friends from both sides have already said a lot on the working of the Employees' State Insurance Act. There are two basic points. One is the penalty provision for non-payment of the employees' contribution; that has been made more rigorous. The other thing is that the workers are not enamoured of the services rendered in the hospitals. The special service that we want the workers to get, workers who pay their contributions, is very much neglected.

If we look to the history of the scheme, it was in 1943 that the system was mooted. A special officer was appointed to work out a social health scheme. The State Insurance Bill was brought out in 1946; it took almost three years to do this. This Bill was passed on 2nd April 1948. But then it took again four years to implement it and it was in 1952 that the scheme was implemented in Delhi and Kanpur. I think that we work on making changes is going on at a snail's pace when it is a question of making desirable changes in the scheme. The Estimates Committee Report, 123rd of 1969-70 and the Action Taken Report, 133rd report of 1970-71, are the basic pointers in this direction. The recommendation of the Estimates Committee was that employees drawing a salary of Rs. 1000 should be brought into the orbit of the scheme; it was made in 1969-70. In 1975 we are implementing that recommendation. At this rate I do not know how we could go ahead with the provision of basic health service to the vast multitudes of our people.

Another basic recommendation of the Estimates Committee was about the merger of the State Insurance scheme with the Employees' Provident Fund. The hon. Minister of Labour a few years ago said that a whole scheme had been finalised and would be brought soon before the House. Even five years after the statement by the hon. Minister, no scheme for the merger of the State Insurance scheme with the provident fund scheme has been brought in. Now, why do they want a merger of the two schemes? Because we find so much time being wasted on paper work and complying with formalities with the result that the benefit that should really go to the workers did not reach them in the desired measure. Even

industrial undertakings had to do so much of paper work and that was why the Estimates Committee recommended that there should be a merger so that the paper work would be reduced. Unfortunately that has not been done. We want to know the reason why. In the Action-taken report, it was stated that the Government had appointed a special officer to work out an integrated scheme. That was in 1970-71. We are now in 1975. What has hapened to the integrated scheme? I also feel that the scheme should be integrated because the old scheme is archaic, outmoded and time-consuming involving a lot of paper work. In 1948 we provided that the employees should be issued a card and the contribution of the employees should be affixed in revenue stamps. A lot of expenditure is involved in printing them and then pasting them. If improvements are made in the scheme, the work of the treasury also will be reduced.

When a person joins an industrial undertaking, for the first few weeks he does not get any benefit. We are in space age and things are moving fast. Why should not a person get the benefit from the very first day he joins an industrial undertaking?

The whole working system should be re-oriented to avoid labour on paper work. A lot of paper work will be eleminated and recovery payments, etc. will be simplified. Other benefits would also come out from remodelling of the working of the State Employees' Insurance Scheme. In Rajasthan, today, we have a beautiful E.S.I. hospital construction in Jaipur. A very good surgeon who had been transferred to this hospital said that he was unable to work in that hospital because there was no anaesthetist. He said unless an Anaesthetist was posted there he could not do any surgery work. After his transfer to that hospital he worked there for a few months without any operations being done. Later he got himself transferred to some other hospital as he could not do surgery there. Similarly in Jodhpur we have seen the E.S.I. building where a medical hospital is housed. Here for any special treatment these employees have to go to the main State Hospital. After they are treated there, since medicines are not available in this hospital they have again to go to E.S.I. dispensary to get their medicines. This E.S.I. dispensary is a couple of miles away. These are the practical difficulties faced by the sick people and somebody should look into these matters.

Sir, you have also brought a modification of employees' contribution for a wage earner getting below Rs. 2. But the recommendations of the Estimates Committee in 1969-70 was to exempt the wage earner below Rs. 3. A lot of water has flowed down the Ganges. At this late stage, why should the Government not have decided to exempt the wage earner below Rs. 3 from making his contribution. The present day value of the earnings has come down due to inflation, etc. and the value of Rs. 3 is already very low. There has recently been another problem. Casual workers are employed by industrial establishments for annual white-washing and repairs of their buildings. The E.S.I. Department wanted the contributions from these casual workers also. The case was filed in the High Court of Rajasthan and the High Court has given a decision that such workers do not come under the ambit of the E.S.I. law and no contribution should be demanded. In spite of this, the Director in Rajasthan has been issuing notices for payment of similar contributions from the factories and industrial undertakings for payment made to the casual workers. But it was told that an appeal has been filed with the double bench. But once a decision has been taken; it should stay till it is reversed and the Department should not have proceeded in creating harassment and difficulties in this matter. Such administrative

[Shri N. K. Sanghi]

problems should be tackled by the Government to avoid genuine difficulties of the undertakings.

I think the Government would consider these redical changes to simplify the procedures so that the working would become easy and also implement proper medical care scheme to these workers. This would go a long way in improving the faith of the workers in this system. Thank you.

डा० कैलास (बम्बई-दक्षिण) : माननीय सभापति जी, मैं एम्पलाइज स्टेट इंश्योरेंस अमेण्डमेंट बिल, 1975 का स्वागत करने के लिए खड़ा हुआ हूं। एमरजेन्सी में शायद केन्द्रीय सरकार ही नहीं, राज्य सरकारों के भी सभी विभाग अपने आप को टटोल रहे हैं, बड़ी बुद्धिमानी और तत्परता से कार्य करने लगे हैं। लेकिन श्रम विभाग तो शायद सोया हुआ तो था और अब तो और ज्यादा गहरी नींद में सो रहा है। मैं इस लिये यह कह रहा हूं कि यह बिल इतना सुन्दर है, लेकिन इस की सुन्दरता को बिगाड़ने का काम हमारे वे नान-कमिटड आफिसर्ज कर रहे हैं जो इस लेबर डिपार्टमेन्ट में बैठे हैं। चाहिए तो यह था कि इस डिपार्टमेन्ट में कमिटेड आफिसर्ज को लिया जाता जो मजदूरों के लिये रो सकते हैं, जो आसू बहा सकते हैं, उन्हीं को यहां लिया जाना चाहिये था, लेकिन वे कुछ शायद दूसरी ओर सोचने लग जाते हैं।

सभापति जी, आप ने मजदूरों के नेताओं को बोलने का मौका दिया .....

MR. CHAIRMAN: Mr. Kailas, I am sorry your name appears earlier in the list. I apologise to you. Now, you may continue.

डा० कैलाश : हो सकता है कि संघी जी मालिक हों, मैं नहीं जानता लेकिन अगर इस बिल की आत्मा को देखें तो उसका सम्बन्ध मजदूरों के स्वास्थ्य से आता है। मैं भी एक डाक्टर हूं और मैं ने एक नहीं बीसों ई० एस० आई० के अस्पतालों को देखा है। बम्बई से मैं आता हूं, राम सिंह भाई जी कहते हैं कि बम्बई में अभी भी पैनल सिस्टम चला हुआ है। मनुष्य को गाली देने से नहीं सुधार सकते बल्कि प्रेम से सुधार सकते है। वहां का डाक्टर गलती करता होगा, तो क्या सर्विस में जो डाक्टर है वह दूध के धुले हुए हैं ? पैनल सिस्टम की बात तो इस बिल मे है भी नहीं।

माननीय श्रम मंत्री जी बहुत ही योग्य व्यक्ति हैं लेकिन समझ मे नहीं आता कि जिन अफसरो के चक्कर मे आ कर यह प्रोविजो लगाये है। आप ने 500 से 1,000 रु० किया यह ठीक है, लेकिन मै तो चाहूंगा कि 1,500 रु० हमें करने चाहिये। क्यो कि वह जमाना हम देखने जा रहे है जब इस देश का हर व्यक्ति मेडिकली इन्श्योर्ड होगा और डाक्टर कमिटेड हो जायेगे।

आप ने 6 महीने से 1 साल की सजा की मियाद बढ़ायी है। कोर्ट को हम क्यों दोष दें, वहां पर भी कमिटेड मैजिस्ट्रेट होने चाहिये। जिन मालिकों ने लाखों रुपया इकट्ठा कर लिया वर्कर्स से और कारपोरेशन मे जमा नही कराया तो कोर्ट उन को छोड़ देती है उन मालिको का तो कुछ नहीं बिगड़ा, लेकिन दंड मिला मजदूर को जिन्हें मेडिकल बेनिफिट नही मिलता। अगर मालिक पैसे जमा नही करता है तो कोर्ट उस से निपटेगा, लेकिन जिस ने पैसा दिया है उस का इलाज अस्पताल से होना चाहिये इस पर आप ने कलम नही रखी है। यह बिल में रखना आपके हाथ में हैं।

पिछले चार साल के बाद आप प्लान्टेशन और माइन वर्कर्स को इस में ले आये इस के लिये बधाई है। हम कह रहे थे कि थ्येटर के कर्मचारियों को और ट्रांसपोर्ट के एम्पलाईज

को भी शामिल किया, इस नाते 3, 4 लाख वर्कर्स और इस स्कीम में शामिल हो गया। अगर इस प्रोवीज़ों को नहीं रखते तो यह बिल बहुत ही बढ़िया हो जाता। माननीय राम सिंह भाई, स्टीफ़न साहब और डा० रानेन सेन साहब ने एक अच्छी कलम को नहीं देखा और वह यह कि अगर किसी ने एक बार, दोबारा फाल्ट किया तो 100 रु० रोज जुर्माना मालिक पर होगा। इस को भी तो उन्हें देखना चाहिये। क्यों नहीं इस के लिये श्रम मंत्री को बधाई देते ? कोर्ट ने कुछ भी फैसला दिया हो लेकिन फ़ैसले के बाद अगर ऐक्सटेंडेड पीरियड को वह तोड़ता है तो 100 रु० रोज का दंड देना होगा। इस से वह डरेंगे। ठीक है आप हैबिचुअल औफ़ेंडर्स को बढ़ा कर सजा दें, लेकिन मुझे औफ़डर वे लोग लगते हैं जिन को मालूम है तथा जो जानते हैं कि फला आदमी औफ़ेंडर है फिर भी उन से रुपया जमा नहीं कराते ऐसे लोगों को ठीक प्रकार से कोर्ट में नहीं ले जाते हैं। इसलिये जो वहां पर इंस्पेक्टर वगैरह काम कर रहे हैं उन को अगर श्रम मंत्री जी समझा दें, उन को अगर सम्भाल लें तो अच्छा रहेगा।

ऐक्स-रे मशीन है, डाक्टर भी है, लेकिन प्लेट्स नहीं मिल रही हैं। श्रम मंत्री को तार देते हैं, स्टेट हैल्थ मिनिस्टर को तार देते हैं लेकिन कोई साहब नहीं आता। जब अधिकारियों से कहते है तो वह कहते हैं कि हम क्या करें, इम्पोर्ट नहीं आया है। रोज यही होता हैं। महात्मा गांधी अस्पताल जो बम्बई का है मजदूरों के लिये, उस में रोज की यही कहानी है। मजदूरों का नम्बर करीब 1 करोड़ के बढ़ गया है, तीन चार लाख और भी बढ़ाये जाने वाले हैं। लेकिन अगर आप ने उन डाक्टरों को जिन को फुल टाइम पर रखा है, उन्हें उतनी तनख्वाह नहीं देते जितनी कि और डाक्टरों को जो हैल्थ डिपार्टमेंट में काम कर रहे है तो आप को कभी भी अच्छे डाक्टर नहीं मिलेंगे। आप अच्छे डाक्टर, नर्सेज और वार्ड बाय नहीं रख सकेंगे। मंत्रालय इस स्कीम को तो चलाये लेकिन अस्पताल का ऐडमिनिस्ट्रेशन हैल्थ डिपार्टमेंट की तरफ़ अगर चला जायगा तो हम आशा करते हैं कि स्थिति में सुधार होगा और हैल्थ डिपार्टमेंट में जो विशेषज्ञ बैठे हैं वह डाक्टरों नर्सेज से ठीक प्रकार से काम ले सकेंगे

मैं ने नहीं देखा कि हमारे मंत्री जी किसी ई० एस० आई० अस्पताल में गये हों। अगर गये होते तो मेरे पास सूचना जरूर आती और मैं उस को बताता कि कैसे स्थिति में सुधार किया जाता है। इस इमरजेंसी में आप ऐसे लोगों पर एम० आई० एस० ए० लगा दीजिये या प्रीमैच्योर रिटायर कीजिये जो आप को गलत रास्ता बता देते हैं या काम नहीं करते फ़ील्ड पर जो बैठे हैं, जो मालिक और मजदूर के बीच में बैठे हैं वह गलत काम कर रहे हैं। उन में से एक दो बड़े लोगों को आप पकड़ लीजिये या उनकी छुट्टी कर दी दीजिये तो लेबर डिपार्टमेंट ठीक प्रकार से कार्य करने लगेगा। और आप का नाम भी हो जायगा। अगर हैल्थ और लेबर डिपार्टमेंट्स में अस्पताल के ऐडमिनिस्ट्रेशन के लिये कोआर्डिनेशन हो जाय तो भी सब ठीक हो जायगा।

ई० एस० आई० अस्पताल ज्यादा बनाते तो अच्छा होता। लेकिन जब नहीं बना पाये तो इन प्राइवेट ट्रस्ट के अस्पतालों में आप ने जो बैड्स रखे हैं उस के लिये 15 रु० पर बैड आप दे रहे हैं यह आज कल के जमाने में कम है। 15 रु० प्रति बैड आप ने बहुत पहले सोचा होगा। आज एक बैड का खर्चा 20 से 25 रु० आता है। आप के पास पैसा है, जब मजदूरों के लिये फायदे का काम करने जा रहे हैं तो आप को चाहिये कि जिस ट्रस्ट के अस्पतालों में ई० एस० आई० के बैड रखे हैं और चाहते हैं कि मजदूरों को पूरा लाभ मिले तो प्रति बैड जो खर्च आता है वह आप को देना चाहिये।

[डा० कैलास]

इन शब्दों के साथ मैं श्रम मंत्री जी को, और खास तौर से प्रधान मंत्री जी को बधाई देना चाहता हूं और कहना चाहता हूं कि विभाग में जो स्लैकनैस आ गई है उस के लिये इस इमरजेंसी दौरान जिम्मेदार लोगों को अगर सजा देंगे तो अच्छी तरह से यह योजना सेवा कर सकेगी ।

श्री अमर नाथ विद्यालंकर (चंडीगढ़) : सभापति महोदय, इस बिल के सम्बन्ध में मेरे साथी बहुत कुछ कह चुके हैं, और मैं अधिकतर बातों का समर्थन करता हूं । यह बिल जैसा मेरे साथियों ने कहा बहुत देर के इंतजार के बाद आया । मैं न सिर्फ इस बिल से बल्कि राम सिंह भाई जी से भी सहमत हूं कि जो भी मजदूरी के सम्बन्ध में कानून हैं, अब समय आ गया है कि उन पर फिर से एक दफा विचार किया जाये क्योंकि इस बात की सख्त जरुरत है कि मौजूदा वातावरण के मुताबिक उन को बनाया जाये ।

यह बड़े दुःख की बात है कि हमारे देश की प्रधान मंत्री ने देश का वातावरण तब्दील किया है और उन्होंने सरकार की तरफ से इस बात का एक फैसला किया है कि हम कुछ अपने देश में करेंगे । दरअसल हम देश की गरीबी हटाना चाहते हैं । गरीबी धन से हटती है । धन ज्यादा हो तो जदेश गरीब नहीं रहेगा और धन का उत्पादन मजदूर करता है लेकिन हमारे देश में अब तक हालत यह रही है कि मजदूर जो धन कमाता है और देश को धनी बना सकता है, वह जितनी सख्त मेहनत करता है, उतना ही उस को कम मिलता है और जो कम मेहनत करता है, उस को बहुत ज्यादा मिलता है । सामाजिक हैसियत के लिहाज से भी मजदूर कितना ज्यादा मेहनत करता है, समाज के अन्दर उस का हैसियत उतनी ही कम है । अब तक यह चीज होती रही है लेकिन मैं समझता हूं कि जब इस देश का वातावरण परिवर्तित हुआ है, तो यह चीज भी बदलनी चाहिए और मजदूर को न सिर्फ इस देश के धन का ज्यादा हिस्सा मिलना चाहिए बल्कि उस की समाज के अन्दर हैसियत भी ऊंची होनी चाहिए, उस का स्टेटस बढ़ना चाहिए, लेकिन अब तक हमारे देश में चाहे प्रान्तीय सरकारें हों और चाहे वह केन्द्रीय सरकार हो उन के जो मजदूर विभाग हैं, उन के अन्दर अभी तक इस भावना का प्रादुर्भाव नहीं हुआ है । वह भावना अभी तक उन में नहीं है और उन की भावना उसी तरह से मशीनरी को चलाने की है जैसे और डिपार्टमेंटस चलते हैं । वे इस भावना से काम नहीं करते हैं कि यह विभाग जो है, इस के द्वारा मजदूरों की स्थिति को ऊंचा करना है और हम लोग मजदूरों को जो कुछ राहत मौजूदा कानूनों से पहुंचाना चाहते हैं, वह उन को मिलनी चाहिए लेकिन हमें यह शिकायत रहती है और खास तौर से वे लोग जो मजदूरों में काम करते रहते हैं, उन को हमेशा यह शिकायत रहती है कि और किसी चीज, का इम्पलीमेंटेशन चाहे हो या न हो लेकिन मजदूरों के कानूनों का इम्मलीमेंटेशन पूरी तरह से नही होता है । मजदूर लड़ झगड़ कर आज चाहे जो कुछ ले ले लेकिन जहां तक कानूनों का ताल्लुक है, दो, दो और तीन तीन साल तक उन के मामले लटके रहते हैं और उन को मुआविजा मिलना चाहिए उस के लिए अदालतों के अन्दर मामले चलते रहते हैं और उन को मुआविजा नहीं मिलता है और जैसा कि इस बिल से मालूम होता और जिस के लिये आपने सही तौर पर कदम उठाया है कि जो कुछ रुपया उन से वसूल होता है, वह मालिक अपने पास रख लेते हैं और उन को देते नहीं है, इन सब चीजों को आप को समाप्त करना चाहिए और इस लिए मैं इस बिल का स्वागत करुंगा । आज जो वातावरण बदला है उस के अनुसार हम अपने मजदूर विभाग का वातावरण भी बदलें और आगे बढ़ें और इस चीज की निशानी यही है और उन का टैस्ट मैं यही समझता हूं कि हरेक मजदूर देश का यह महसूस करे कि अब मेरे लिए कुछ होने जा रहा है और मुझे सही तौर पर राहत मिलने वाली है और मेरे साथ जो अब तक व्यवहार होता था, वह

श्री राम हेडाऊ (रामटेक) : सभापति जी, राष्ट्रीय सम्पत्ति की चोरी को रोकने के लिये एक अच्छा बिल सदन के सामने आया है। यह जो चोरियां होती है, चोरी करने वाले के पीछे दूसरी शक्तियां काम करती हैं। चोरी के तार को गलाने वाला या तार को दूसरी चीजों में परिवर्तित करने वाली फैक्ट्री का जो मालिक होता है, यही चोरों को उकसाने वाला होता है। जहां तांबा और पीतल के बर्तन बनाने का धंधा चलता है इस देश में बड़े पैमाने पर, मैं भंडारा जिले में रहता हूं और मैंने वहां देखा है कि वहां जो तांबा और पीतल के कारखानेदार हैं जिन को कोटा मिलता है सरकार की ओर से, जिन का धंधा है उन को भी कोटा मिलता है और जिन का कारखाना केवल कागज पर है, उन को भी कोटा मिलता है, उतने से उन का समाधान नहीं होता। बड़े लोगों को पैसा कमाने की जो हवस होती है वह काफी होती है, तो वहां मैं ने ऐसे कई कारखानेदार देखे जो इन तारों की चोरी करवाते हैं। एक गिरोह होता है जिस के जरिये तार की चोरी करवाते हैं और उस तार को अपने कारखाने की भट्टियों में गला कर उस के बरतन बनाते हैं। वास्तव में इस का कोई रेकार्ड नहीं रहता। यदि रास्ते में माल लाते लाते चोर पकड़ा गया तो सजा हो जाती है, पर यदि कारखाने के अन्दर तार का बंडल चला गया तो मालिक बच जाता है, उस को कोई हाथ नहीं लगा सकता क्यों कि वह यही कहेगा कि यह कोटे का सामान है। यह घटना भंडारा जिले में हुई थी। वहां नगर कांग्रेस कमेटी के प्रेसीडेंट हैं, मैं नाम लेने की हिम्मत कर रहा हूं, क्योंकि बात सही है, यदि सरकार का सी० बी० आई० विभाग इस की जानकारी ले तो यह सब मामला आज फिर से सामने आ सकता है। तो इन महाशय ने कुछ लाख रु० का तांबा चुरवाया और वह गलाया। यह केस पकड़ा गया और पकड़ने के बाद उस जिले के जो मंत्री थे, उस मंत्री के जरिये इस केस को दबाया गया। ऐसी यदि बात चलती रही, मालिक ही चोरी करने लगे और वही उस को दबाने लग गये तो बड़े आदमी को कभी भी सजा नहीं दी जा सकती। सदा छोटे आदमी ही पीसे जाते हैं और जो असली गुनहगार होता है वह छूट जाता है। जो बेचारा पेट के लिये थोड़ा सा गुनाह कर बैठता है वह पिस जाता है, और जो वास्तव में चोरी करवाता है वह बच जाता है। इस चोरी में कांग्रेस (आर) के उस आदमी का कुछ नहीं बिगड़ा। उस कारखाने का नाम निर्वाण मैटल वर्क्स है। उन को बचाया गया। इसलिये आप चोरी करवाने वाले को भी ध्यान में रखिये, और जो कोटा दिया जाता है तांबा, पीतल और दस्ते का, कितना माल कारखाने में गलाया गया, कितना माल कारखाने से बना कर बेचा गया, इस का भी कुछ जोड़ मिलना चाहिये। नहीं तो होता यह है कि कोटा मिल रहा है 10 टन का, माल बन रहा है 20 टन का और हिसाब लिखा जा रहा है 10 टन का। इस प्रकार जो गड़-बड़ी चल रही है इस को रोकना चाहिये।

साथ ही पुलिस विभाग पर इस की बड़ी जिम्मेदारी है। लेकिन पुलिस वालों का भी विचित्र पेशा है कि जब ऐसे बड़े लोगों की चोरी पकड़ी जाती है उस वक्त पुलिस पर

ऊपर से प्रैशर आता है कि नहीं नहीं उस को छोड़ दिया जाय । इस प्रकार बड़े लोग जो चोरी करवाते हैं वह बच जाते हैं । यह बात नहीं होनी चाहिये और इसके लिये इस बिल में यदि प्राविधान हो सके कि चोरी करने वाले से चोरी करवाने वाले को एम० आई० एस० ए० में बन्द करना चाहिये और नान-बेलेबिल आफेंस के अन्दर उस को बन्द कर देना चाहिये, तब जा कर चोरियां कम हो सकेंगी ।

रेल के सामान की चोरी, तारों की चोरी करने वालों का भी गिरोह है जिसका सरकार को पता लगाना चाहिये कि इस के पीछे कौन सी शक्ति काम कर रही है । इस बात की व्यवस्था होनी चाहिये, और ऐसे गुनहगारों को कड़ी से कड़ी सजा देनी चाहिये ।

इन शब्दों के साथ मैं इस बिल का समर्थन करता हूं ।

श्री डी० एन० तिवारी (गोपालगंज) : सभापति जी, यह अमेंडिंग बिल बहुत ही साधारण और अविवादग्रस्त है । लेकिन मिनिस्टर साहब ने कहा कि पहले भी एक, दो बार इस विधेयक में संशोधन लाये गये थे और उन संशोधनों के बाद चोरियां बढ़ती गईं । जैसे कहावत है कि मर्ज बढ़ता गया ज्यों ज्यों दवा की । विधेयक में अमेंडमेंट इन्होंने किया, कुछ सैक्शन्स को सख्त किया, लेकिन चोरियों की संख्या घटी नहीं, बल्कि बढ़ गई । हमको डर है कि कहीं इस संशोधन के बाद चोरियां दुगुनी, तिगुनी न बढ़ जायें । मैं जानना चाहूंगा कि पहिले अमेंडमेंट के अनुसार कितने प्रौसीक्यूशन्स हुए, 6, 7, 8, 10 हजार चोरियों में से कितने प्रौसीक्यूशन्स हुए और कितने लोगों को सजा मिली ?

इन्फ़ार्मेशन मिल जाती है कि चोरी हो गई और उस पर कोई कार्यवाही नहीं की जाती है और न कभी इस एक्ट को काम में लाने की कोशिश की जाती है । मिनिस्टर साहब इस अवसर पर कुछ और भी एमेंडमेंट एक दो धाराओं का कर रहे हैं । जैसे उन्होंने इस अवसर का लाभ उठाया, वैसे ही मेम्बरान, विभाग की कार्यवाही से लोगों को क्या क्या शिकायतें हैं, इस अवसर का लाभ उठा कर, उनके सम्बध में और आपके विभाग का वर्किंग कैसे चल रहा है, उसके बारे में कहना चाहते हैं । आप वायर की चोरी के लिये सख्त सजा के लिए यह बिल लाए हैं । मैं आपके टेलीग्राफ़ और टेलीफ़ोन डिपार्टमेंट में किस तरह से कार्य हो रहा है, उस के सम्बध में एक दो उदाहरण सदन के सामने रखना चाहता हूं ।

अभी तीन महीने पहले मैंने पार्लियामेंट हाउस से एक तार भेजा था रांची को यहां से अपने जाने के एक हफ़्ता पहले लेकिन वह तार एक हफ़्ता में नहीं पहुंचा और एक हफ़्ता तो क्या आज तक नहीं पहुंचा है । क्या हो गया उस को पता नहीं । उसकी रसीद भी मुझसे कहीं मिसप्लेस हो गई । इसलिए मैं उसकी कम्पलेंट नहीं कर सकता, लेकिन मैं यह बता दूं कि हम तार जो भेजते हैं हम समझते हैं कि वह ठीक समय पर पहुंच जाएगा लेकिन वह पहुंचता ही नहीं । यह टेलीग्राफ़ डिपार्टमेंट की वर्किंग है । ऐसे एक नहीं कितने ही केसेज हुए हैं । मैंने यह सुना है कि जब बहुत ज्यादा तार हो जाते हैं तो वे चिट्ठी के जरिये भेजे जाते हैं लेकिन वह चिट्ठी के जरिये भी नहीं गया । चिट्ठी भेजते तो 10, 15, या 20 दिन में पहुंच जाती लेकिन वह तार पहुंचा ही नहीं है ।

अब मैं टेलीफ़ोन के बारे में बताना चाहता हूं । जो मुफ़स्सिल टाउन्स हैं उन में 10, 10 और 15, 15 दिन टेलीफ़ोन खराब रहते हैं । जब मांगो तो टेलीफ़ोन खराब है, जब ट्रंक कीजिये तो टेलीफ़ोन लाइन खराब है । दिल्ली में 199 पर लगाइए, तो कोई

[श्री डी० एन० तिवारी]

उठाती ही नहीं है । अगर उनसे हेल्प लेने के लिए उसको मिलाते हैं तो टेलीफ़ोन उठाया ही नहीं जाता । क्या हेल्प लें उन से । हम पांच मिनट, सात मिनट तक डायल घुमाते रहते हैं और जब टेलीफ़ोन एंगेज मिलता है, तो समझते हैं कि 199 की हेल्प लेलें लेकिन लगाते हैं तो कोई जवाब ही नहीं देता, 5, 7 और 10 मिनट तक कोई जवाब नहीं देता । क्या करें ? जब 198 को कम्पलेंट करते हैं तो वे कहते हैं कि फ़लानी जगह कम्पलेंट कीजिए । वहां कम्पलेंट करते हैं तो वहां भी बराबर एंगेज मिलता है और कभी कुछ होता ही नहीं । पहले 197 बहुत प्रोम्पटली जवाब देता था लेकिन उसमें भी अब सुस्ती आ गई है । इस इमर्जेंसी के जमाने में कुछ काम तेज़ होना चाहिए लेकिन ये पीछे जा रहे हैं । आज से दस वर्ष पहले पोस्ट एण्ड टेलीग्राफ़ आफिस का नाम था कि इसका वर्किंग बड़ा एफ़ीशियेंट है और वहां घूस वगैरह नहीं चलती है लेकिन अब तो सारे दोष उसमें आ गये हैं जो कि दूसरे डिपार्टमेंटों में हैं । उसमें घूसखोरी भी है और वर्किंग भी इनएफ़िशियेन्ट है । चिट्ठियां 15, 15 दिन बाद डिलीवर होती हैं । अब तो एक्सप्रैस डिलीवरी की बात हट गई, पहले एक्सप्रैस डिलिवरी भी 5, 7 दिन तक डिलीवर नहीं होती थी, देहातो में नहीं बल्कि टाउन्स में जहां कि दिन में दो तीन डिलीवरियां होती हैं । हाउस ने कभी आपको ज्यादा पावर्स देने में ग्रज नहीं किया । आप चाहे जितनी पावर्स ले लीजिए लेकिन कार्य तो सुचारू रूप से होना चाहिए । काम को सुचारू रूप से चलाने के लिए जितनी पावर्स आप चाहेंगे, वे पावर्स हाउस आपको दे देगा लेकिन आप सुधार कीजिए अपने डिपार्टमेंट में । क्या सुधार आपके डिपार्टमेंट में हुआ है । अगर वह ब्यौरा आप नहीं दे सकते हैं तो फ़िर और अधिक पावर्स लेने की क्या ज़रूरत है । अगर पहले एक्ट के अनुसार आप कार्यवाही नहीं कर सके, तो नई पावर्स ले कर कागज में बन्द रखें, इससे क्या फ़ायदा होगा । मैं चाहूंगा कि मंत्री जी डिपार्टमेंट की वर्किंग की तरफ़ ध्यान दें और जो एक सुस्ती उसमें आ गई है, उस को दूर करें ।

श्री कमला मित्र "मधुकर" (केसरिया): सभापति महोदय, मैं अपने साथी भौरा जी के बाद चाहता था कि न बोलू, लेकिन बोलना इसलिए जरूरी हो गया है कि आप जो कानून में संशोधन लाए हैं, उसमें यह मंशा जाहिर की है कि इसके जरिये कड़ी सज़ा दी जाएगी ताकि टेलीफोनों के जो तांबे के तारों की चोर होती है वह न हो । इस मंशा से मैं सहमत हूं लेकिन कानून में आपने जो सज़ा दी है उसमें कैद भी और फाइन भी रखा है । इसमें आपने जो Or रखा है, उससे कानून सही तरह से इम्पलीमेंट नहीं होगा । इसलिए मैं चाहता हूं कि आप कड़ी सज़ा दीजिए और इसमें जो Or शब्द है, इसको हटा देना चाहिए और इसमें संशोधन लाकर इसको कर लीजिए लेकिन मैं जानता हूं कि आप ऐसा नहीं करेंगे ।

साथ ही मैं दूसरी यह कहना चाहता हूं कि इस बिल में पब्लिक आपरेशन की बात कुछ नहीं है । मुझे अपने जिले का अनुभव है । हमारे जिला चम्पारन में मोतिहारी के टेलीफोन के एस० डी० ओ की चोरी को हमने पकड़ा और हमने उसके लिए गृह मंत्री जी को तार द्वारा लिखा कि उस के खिलाफ़ कार्यवाही की जाए । उसकी बदली गुजरात में हुई और फिर एक माननीय सदस्य के यहां उसकी पहुंच हुई और नतीजा यह हुआ कि अब उस भ्रष्ट अफ़सर को प्रोमोशन मिल रही है और उसको सज़ा देने में कठिनाई हो रही है । मैं इस बात की ओर आपका ध्यान दिलाना चाहता हूं कि जब हम लोग सहयोग कर रहे हैं कि लोगों की चोरी पकड़ी जाए और जो लोग ऐसा काम करते हैं उन को

सज़ा दिलवाना चाहते हैं लेकिन बजाए सज़ा देने के उसको छोड़ दिया जाता है, तो फिर सुधार कैसे हो पाएगा ।

मैं आपको अपने यहां का एक और अनुभव बताता हूं । हमारी कम्युनिस्ट पार्टी के लोगों ने रेलवे की चोरी करने वाला जो गैंग है उस गैंग को पकड़ा । उसको पकड़ने के बाद वहां जो एस० पी है उस ने उसी पकड़ने वाले को चार्जशीट किया और गैंग को छोड़ दिया । अगर अधिकारियों की ऐसी स्थिति बनी रहेगी, तो कैसे काम चलेगा । आप सोच रहे हैं कि नौकरशाही पर लगाम लगे । लगाम आप जरूर लगायें लेकिन इस बात में पब्लिक कोआपरेशन की बहुत जरूरत है लेकिन इस बिल में मैं पब्लिक कोआपरेशन की बात कुछ नहीं पाता हूं । मान लीजिए कि सरकारी सम्पत्ति की चोरी हो जाती है, तो उसमें पब्लिक कोआपरेशन लेना चाहिए । आजकल तांबा बड़ा महंगा हो गया है, इसलिए तांबे के तारों की बड़ी चोरी होती है और बड़े पैमाने पर यह होती है । चोरी करने के लिए गैंग बने हुए हैं, जिनसे आफ़िसर मिले रहते हैं, और आपके व्यवसायी लोग मिले रहते हैं । उन की कनाइवेंस होती है और चोरी हो जाती है लेकिन कनाइवेंस करने वालों के लिए कोई व्यवस्था नहीं है। कनाइवेंस करने वालों में आपके अफ़सर हों या टेलीफोन डिपार्टमेंट के कर्मचारी हों या व्यवसायी लोग हों, तो उनके खिलाफ़ भी एक्शन लेना चाहिए । हेडाऊ जी ने भी यह सवाल उठाया था और मैं भी निवेदन करना चाहता हूं कि जब आप कानून बनाते हैं तो उस को खुल कर बनाइये और कोशिश यह कीजिए कि कोई लूपहोल न रहे । लूपहोल होने से कुछ लोग बच जाते हैं। कुछ मित्रों ने कहा कि पता नहीं इस कानून के बनने के बाद चोरी और न बढ़ जाए । मैं उतना निराशावादी नहीं हूं और मैं विश्वास करता हूं कि सुधार होगा । मैं मंत्री महोदय से जरूर कहूंगा कि वे इस बात की कोशिश कम से कम जरूर करें कि पब्लिक कोआपरेशन लिया जाए । पंचायतों के स्तर पर और ब्लाक स्तर पर वे सहयोग लेने की कोशिश करें । पंचायतों के जो मुखिया होते हैं उन का सहयोग लिया जाए । वे आपको बता सकेंगे कि अमुक व्यक्ति ने चोरी की है और अगर वे आपको प्रमाण दे सकें तो उनको रिवार्ड मिलना चाहिए और यह नहीं होना चाहिए कि बजाए रिवार्ड देने के उसको सज़ा मिल जाए ।

इसलिए मेरा कहना यह है कि एक तो इसमें सज़ा में जो Or लिखा है, उसको हटा दिया जाए । दूसरी बात यह है कि पब्लिक कोआपरेशन लिया जाए और तीसरी बात यह है कि नौकरशाही में जो भ्रष्टाचार फैला हुआ है, उसको रोकने के लिए आप कदम उठाएं । मैं समझता हूं कि मंत्री जी इसके लिए जरूर कदम उठाएंगे ।

अन्तिम बात यह कहना चाहता हूं कि जो लोग चोरों को पकड़ने में आपको सहयोग देते हैं उनको आप रिवार्ड दीजिए । इस तरह से उनको एक तरह से इंसेंटिव मिलेगा । आपने फेमिली प्लानिंग करने वाले लोगों को रिवार्ड दिया है, उसी तरह से यहां पर आप रिवार्ड देने की व्यवस्था करें ।

संक्षेप में मेरे कहने का मतलब यह है कि कानून में कोई लूपहोल नहीं रहना चाहिए और साथ ही साथ पब्लिक कोआपरेशन लेना चाहिए और भ्रष्टाचार को रोकने के लिए सख्त कदम उठाने चाहिएं । इसको हमारे लोगों ने और आपके लोगों ने भी कहा है और इस तरह से अपोजीशन में और आप में इस मामले में कोई फर्क नहीं रहा है । मैं चाहूंगा कि सुधार होना चाहिए और मैं सुधार की आशा भी करता हूं ।

SHRI GIRIDHAR GOMANGO (Koraput): Mr. Chairman, I support the Telephone Wires (Unlawful Possession) Amendment Bill. I feel that the unlawful possession of wires can be checked if the administrative machinery in the department is an efficient one. In Orissa there are numbers of such cases. It would be better if the department could call a meeting of the MPs of that State and request them to give suggestions as to how to check the unlawful possession of wires by thieves.

Advisory Boards are constituted by the Department in all the States. So far as Orissa is concerned, that board seldom meets. The Ministry of Communications made a survey and identified the backward areas and districts, so far as telephone facilities are concerned. So far as the development of telephone facility is concerned, you will find that State-wise Orissa is the lowest. Even in that backward State the districts of Koraput, Keonjhar and Phulbani are more backward than the other districts. This has been identified by the Ministry.

The money which has been provided by the Centre to the State is for the development of the whole State. But it is a fact that this money is utilised only for the development of the developed districts and not for the provision of facilities in the backward districts. When some sympathetic officers were posted by the department in Orissa, there was some development in these areas. But now all these schemes are pending. We, MPs. from the backward districts of the State, are not getting an opportunity to give our suggestions to the department and that is why we are not getting our due.

The administrative machinery should be improved. Now that the telephones have been separated from the postal service, it will be easier for the administration to run the services. They should ear-marked money for the districts which are backward in communication facilities. The Centre should give direction not only to Orissa but to all States to pay special attention to the backward areas and ear-marked money for the development of those areas.

The proposal for direct telephone facility from the district headquarters to the State capital has not yet been completed. When it is completed, there should be provision of communication facility from the sub-divisional headquarters and even panchayats to the headquarters.

I had applied for telephone facilities for me in my village about two years back. That facility has not yet been given to me. I hope it will be done soon.

I conclude my speech with great hope in the Minister of Communications.

SHRI DHAMANKAR (Bhiwandi): I rise to support this Bill.

The original Act was passed in 1950. It is 25 years now, but the offences are increasing every year because firstly the Act and its amendments are not sufficiently deterrent, secondly shortage of copper in the country is increasing and thirdly the technique of cutting wires and disposing of them has also been greatly improved. We cannot also ignore the fact that it is because of collusion or connivance of the staff or linemen that these thefts are committed.

When the wires are cut from an area, the telephone and telegraph services do not work. The telephones are usually idle. I have experience of this. The Tehsildar complaints that the telephone is not working for 8

to 10 months in the year. And sometimes when the wire is cut, the telegraph line is also not working and so, there is no communication between the tehsil and the district headquarters. When this is happening in Government offices, what to talk of the poor citizens who send telegrams? Urgent telegrams to places within 50 miles reach after three days. Telegrams sent from Delhi on Government account to Thana or Bombay reach after two or three days, and when we make a complaint, they say they would enquire.

These wire thefts can be minimised by making the law deterrent. Instead of imprisonment or fine, it should be imprisonment and fine. Along with that, public co-operation should also be taken. Wires run through thick jungles. If the duty of guarding them is entrusted to the members of the gram panchayat and some reward is given to them to check these thefts, I think it will give an impetus to the villagers. They will feel this is their property and that they have to report to Government. These wires are Central Government's property, and normally State Governments do not bother much about them, but if the villagers and gram panchayats are involved and special mention is made of their help, the problem will be solved.

श्री नागेश्वर द्विवेदी (मछलीशहर) : इस विधेयक का मैं समर्थन करता हूं । इस विकास के युग में देश के सुदूर क्षेत्रों के लोगों को सुविधा पहुंचाने के लिए तारों का आप बड़ा विस्तार करने जा रहे हैं । इससे लोग सुगमतापूर्वक अपने कामों को कर सकेंगे । लेकिन जिस तरह से इस में चोरियां बढ़ी हैं उससे इस काम में बाधा भी पहुंची है और उसका बहुत बुरा प्रभाव भी पड़ रहा है । इस कारण से लोगों को वास्तव में जो लाभ मिलना चाहिये उससे वे वंचित हैं । इस वास्ते ऐसी कार्रवाइयों को रोकने के लिए जितने कठोर दंड की व्यवस्था की जाए, उसका हम सब लोग हार्दिक समर्थन ही करेंगे ।

इस में चोरों का ही हाथ नहीं होता है । चोरियां करवाई भी जाती हैं । हमें जानकारी मिली है कि कुछ इस तरह के लोग हैं, बरतन बनाने वाले हैं या कल कारखानों वाले हैं जोकि इस तरह की चोरियां करवा करके अपने कल कारखाने चलाते हैं । इस तरह से जो लोग गैंग बना करके काम करवाते हैं उनके साथ किस प्रकार का व्यवहार किया जाए, उनको इस तरह की कार्रवाइयां करने से कैसे रोका जाए, मैं आशा करता हूं कि सरकार का ध्यान इस ओर भी जाएगा और इसके सम्बन्ध में भी वह कोई उचित व्यवस्था करेगी ।

तारों की चोरियों के कारण तारों में खराबी तो पैदा हो ही जाती है लेकिन आए दिन इस तरह की शिकायतें भी मिलती हैं कि कर्मचारियों का भी इस में हाथ होता है और वे भी इसके दोषी होते हैं । वे अपने काम के प्रति लापरवाह हो गए हैं । जहां तारें कटी नहीं भी रहती हैं वहां भी आम तौर से लाइनें खराब रहती हैं और इस कारण लोगों को लाइन लेने में बहुत ज्यादा इंतजार करना पड़ता है और वे टेलीफोन भी नहीं कर पाते हैं और उनके आवश्यक जो कार्य हैं उन में बाधा उत्पन्न होती है ।

जहां तक विभागीय लापरवाही का प्रश्न है, उस पर मंत्री महोदय को खासतौर से ध्यान देना चाहिये । आज हमारे यहां आपातकालीन स्थिति है और इस सम्बन्ध में उसका लाभ अवश्य उठाना चाहिये । और विभागों में बड़ी सतर्कता आई है । मैं आशा करता हूं कि इस विभाग में भी इसका लाभ उठाया जायेगा ।

[श्री नागेश्वर द्विवेदी]

मैं अपनी कुछ कठिनाइयां मंत्री महोदय के सामने रखना चाहता हूं । जौनपुर जिले में सुजानगंज टेलीफोन का एक एक्सचेंज खोलने के लिये उत्तर प्रदेश के मंडल ने चार-पांच साल पहले तय किया था, लेकिन सिर्फ सामान न होने के बहाने से आज तक उसकी स्थापना नहीं हो सकी है । वहां के रहने वाले बहुत से लोग टेलीफोन लगवाना चाहते हैं, लेकिन अभी तक उनको यह सुविधा नहीं मिल सकी है ।

मैं अपनी एक निजी कठिनाई बताना चाहता हूं । चार-पांच साल से मैं अपनी कांस्टीटुएन्सी में टेलीफोन लगवाने के लिये प्रयत्नशील हूं । जिस जगह के लिये मैंने लिखा, वहां से टेलीफोन की लाइन गई है । खम्भा कुछ गज की दूरी पर होगा । पहले तो यह गलत रिपोर्ट दी गई कि दूरी बहुत है, संसद सदस्य के लिये जो सुविधा है, उसमें टेलीफोन नही दिया जा सकता है । लेकिन कई बार लिखापढ़ी करने के बाद जब कायदे के अन्दर आया, तो कहा गया कि लाइन लगाने के लिये रुपया चाहिये । इस बहाने से तीन-चार साल में अभी तक हमारा टेलीफोन नहीं लग सका है, ताकि हम वहां बैठकर अपने क्षेत्र के छोटे-मोटे कार्यों को कर सकें । विभाग द्वारा इस तरह लापरवाही से काम होता है । जहां तार चोरी करने वालों के लिये कठोर दण्ड की व्यवस्था की जाये, वहां मंत्री महोदय अपने विभाग में भी सतर्कता और सावधानी लाने का प्रयास करें ।

इन शब्दों के साथ मैं इस विधेयक का समर्थन करता हूं ।

श्री पन्नालाल बारूपाल (गंगानगर) : सभापति महोदय, संचार मंत्री ने जो विधेयक पेश किया है, मैं उसका समर्थन करने के लिये खड़ा हुआ हूं । तार की चोरी के सम्बन्ध में माननीय सदस्यों ने बहुत कुछ कहा है । मैं कुछ समस्याओं की ओर मंत्री महोदय का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं ।

मैं 24 साल से संसद् सदस्य हूं । मेरे निर्वाचन-क्षेत्र में राजगढ़, सादूलपुर, भादरा, नोहर, हनुमानगढ़, संगरिया, सादूलशहर, श्रीकर्णपुर रायसिंह नगर, अनूपगढ़ और सूरतगढ़ आदि ऐसे स्थान हैं, जहां पर सारे के सारे डाकघर निजी भवनों में हैं और अब तक उनका किराया कम-से-कम चौगुना दिया जा चुका है । लेकिन संचार मंत्रालय आज तक कोई नया डाकघर नही खोल सका है । श्री राज बहादुर के समय गंगानगर मे एक नई बिल्डिंग बनी थी । उसकी बहुत दुर्दशा है, उसकी मरम्मत का कोई इंतजाम नही है, वहां कोई फर्नीचर नही है, घड़ियां ठीक काम नही करती हैं और बैठने के लिये कोई व्यवस्था नहीं है । इस तरफ ध्यान देना चाहिये ।

मैं श्री तिवारी की इस बात से सहमत हूं कि डाक तार विभाग मे एक गिरोह ऐसा है जिस के आदमी हर त्यौहार पर इनाम मांगने के लिये आ जाते हैं । जो आदमी कभी तार बांटने नहीं आते, जिन की कभी शक्ल नहीं देखी, वे होली, दिवाली, और विजयादशमी आदि हर त्यौहार पर बधाई देने के लिये आ जाते हैं । तार कोई बांटता है और बधाई देने के लिये दूसरे आ जाते हैं ।

मेरे निर्वाचन क्षेत्र गंगानगर में ट्रंक काल 5, 5 और 6, 6 दिन नही मिलते हैं । इसकी व्यवस्था ठीक करनी चाहिये । हम देखते हैं कि हमारे ट्रंक काल तो नहीं मिलते हैं, लेकिन जिन बिजनेसमैनों से मासिक बंधा हुआ है, उनको ट्रंक काल्स जल्दी मिल जाते हैं । इस गिरोह का भी पता लगाना चाहिये । उनको सस्पैंड करके उनको सजा देनी चाहिये ।

पोस्ट आफिसेज में सेविंग बैंक और रेडियो लाइसेंस आदि का काम बहुत बढ़ गया है, लेकिन स्टाफ न होने के कारण वे बेचारे काम नहीं कर पाते हैं। उनकी डिफिकल्टी की तरफ भी ध्यान देना चाहिये।

संचार मंत्री बड़े कुशल प्रशासक, कर्तव्यनिष्ठ और कुशाग्र बुद्धि के विद्वान हैं। मुझे इस बात की खुशी है कि जब से वे मिनिस्टर बने हैं, तब से हमारे पत्रों का जवाब तुरन्त मिल जाता है। इसलिये मैं इस बात से सहमत नहीं हूं कि उनकी ओर से पत्रों का जवाब नहीं मिलता है।

मैं आशा करता हूं कि इस विभाग के कार्य में सुधार होगा।

गंगानगर में पोस्ट आफिस के कर्मचारियों के लिये आवास की समस्या है। यह स्थिति हर जगह है। इनके रहने के लिये क्वार्टरों की व्यवस्था करनी चाहिये। बेचारे डाकिये ठीक तरह से काम करते हैं, लेकिन उनको ज्यादा सुविधा नहीं मिलती है। मेरा तजुर्बा है कि वे समय पर डाक पहुंचाते हैं, लेकिन पता नहीं कि उनको वर्दी समय पर मिलती है या नहीं। मंत्री महोदय, इन बातों की तरफ ध्यान देने की कृपा करें।

इन शब्दों के साथ मैं इस विधेयक का समर्थन करता हूं।

संचार मंत्री (डा० शंकर दयाल शर्मा): सभापति महोदय, मुझे इस बात की खुशी है कि सब माननीय सदस्यों ने इस बिल की मंशा का समर्थन किया है। उन्होंने कुछ सुझाव भी दिए हैं।

श्री बोरा ने कहा है कि स्टेट गवर्नमेंट्स का को-आपरेशन लेना चाहिए। यह पूरा बिल और तारों की चोरी को रोकने की व्यवस्था सब राज्य सरकारों पर निर्भर रहती है। हमारे पास कोई अलग से एन्फोर्समेंट स्टाफ नहीं है। हमको राज्यों से ही सम्पर्क रखना होता है और इस तरफ पूरा ध्यान दिया जा रहा है। मैंने भी मंत्री बनने के बाद कई राज्यों के मुख्य मंत्रियों को पत्र लिखे हैं। इससे पहले कैबिनेट सैक्रेटरी ने राज्यों के होम सैक्ट्रीज को भी पत्र लिखे थे। मैंने शुरू में ही एक बात खास तौर से कही थी कि हम यह बिल भी इंस्पैक्टर जनरल्स की मीटिंग द्वारा दिए गए सुझाव के मुताबिक ही लाये हैं। दिक्कत यह है कि हमारी लाइन 9 हजार किलोमीटर है और उस सब के लिए हर जगह इंतजाम करना कठिन होता है। इसलिए सोचा गया कि कुछ इस तरह के प्रावधान किए जायें कि हम उसकी चोरी को रोक सकें।

श्री राम हेडाउ ने कहा कि लोग तार को अपने कारखाने में ले गए और फिर उसका पता नहीं लगा। उसी के लिए हमने इस विधेयक में एक धारा रखी है जिसमें सर्च, सीजर और कोंफिस्केशन का प्रावधान है। इसलिए जहां तक तार के कारखाने के अन्दर जाने का सवाल है, वहां पर भी उसको देखा जा सकता है और पकड़ा जा सकता है। जहां तक तारों का सवाल है हमने जो डैफीनिशन दी है उसके मुताबिक जो तार उस साइज के होंगे, वे हमारे टेलीफ़ोन या टेलीग्राफ़ वायर माने जायेंगे।

यह भी कहा गया है कि इस सम्बन्ध में लोगों को हैरासमैंट नहीं होना चाहिए। मूल एक्ट में दस पौंड से ज्यादा तार निकलने पर ही इस कार्यवाही की व्यवस्था की गई है। इसलिए जिसके पास थोड़ा तार है, उसके केस में हम पता लगायेंगे। अगर कोई एक इंच तार भी काटे, तो उसको तो सजा मिलेगी ही, लेकिन हमारा यह प्रावधान उनके लिए है, जिनके पास इकट्ठा तार मिलेगा और उनको हम सजा दे सकेंगे।

[श्री शंकर दयाल शर्मा]

हमने सिर्फ यही व्यवस्था नहीं की है कि जिसके पास तार हो, बल्कि इस सम्बन्ध में जो कन्वेयन्स या व्हीकल इस्तेमाल हो, उनके सम्बन्ध में भी कार्यवाही की जायेगी। जैसा कि आम तौर पर होता है, ओनस उन पर रहता है, जिम्मेदारी उनकी है कि वे सिद्ध करें कि उन्होंने गुड फेथ में ऐसा किया है गुड फेथ के बारे में इंडियन पीनल कोड में साफ़ कहा गया है

Nothing is said or done in good faith, if it is done without due care and caution.

इसलिए अगर कोई पूरा ध्यान न दे, तो वह जिम्मेदार हो जाता है। कहा गया है कि पूरी कार, पूरा ट्रक ले ली जायेगी। हमने इस बारे में यह प्रावधान किया है :—

"... to pay in lieu of the confiscation of the conveyance or the animal a fine not exceeding the market price of the conveyance or the animal on the date of the seizure thereof or the value of the telegraph wires in relation to which the contravention has been made, whichever it less."

इससे साफ़ है कि कन्वेयन्स के दाम या तार के दाम, जो उनमें से कम होगा, उतना ही उसको फ़ाइन के रूप में देना होगा। अगर तार की कीमत 100 रुपया है तो 100 रुपया, अगर दस हजार है तो दस हजार रुपया, और अगर पचास हजार या एक लाख रुपए के तार गिरे हैं, तब हम सिर्फ ट्रक लेंगे। जब बहुत बड़ी मात्रा में तार जाते हैं; तो उसको देखना चाहिए। हम यह मानकर चलेंगे कि अगर कोई ट्रक वाला तार ले जाता है, तो वह जानता है। उस पर जिम्मेदारी होगी कि वह सिद्ध करे कि वह इसमें शामिल नहीं है और उसने पूरी एहतियात बरती थी। इसलिए इसमें परेशानी होने की बात नहीं है।

18 hrs.

यह सुझाव दिया गया है कि कैद और जुर्माना दोनों रखे जायें—"एंड" होना चाहिए, "और" नहीं होना चाहिए। मेरे मन में यही बात आती है कि यह होना चाहिए। लेकिन हमें भाई जीज० के सुझाव पर गौर करना है। जैसा कि एक दूसरे बिल के सिलसिले में कहा गया है, अदालतों का यह मामला रहता है कि जब सजा देना जरूरी हो, तब वे अक्सर छोड़ देते हैं। इस केस में हमने यह किया है कि इतना कम से-कम होगा, और अगर इससे कम करे, तो उनको उसकी वजह बतानी होगी। उस में सब से बड़ी रोक यह रहती है कि वजह बताने के बाद अगर उन्होंने कोई लापरवाही की है, तो सुपीरियर कोर्ट उनको तम्बीह कर के रिमार्क कर देती है।

जहां तक इस संबंध में सहयोग का प्रश्न है, उसमें कोई दो रायें नहीं है कि इस चोरी को पकड़ने के लिए सहयोग की अत्यन्त आवश्यकता है और हम इसमें बराबर लोगों का सहयोग चाहेंगे। हमको राज्य शासनों का सहयोग चाहिए, क्योंकि हमारे पास कोई मशीनरी नहीं है, जिससे हम उन लोगों को पकड़ सकें। इसके साथ-साथ हमको जनता का भी सहयोग चाहिए। सब का सहयोग मिलने पर ही यह काम हो सकेगा।

जहां तक इस विधेयक का सम्बन्ध है, हम इस बात में फ़र्क नहीं करते कि कौनसा व्यक्ति किस पार्टी का है। जो जुर्म करें, उसको सजा मिलेगी ही। अदालत किसी को छोड़ दे या उस के बारे में सबूत न मिले, तो हमारा विभाग उसमें ज्यादा नहीं कर सकता है। जहां तक हमारा ताल्लुक है, चोरी होने पर हम उसकी शिकायत दर्ज करते हैं। लेकिन

राज्य शासन उस को देखता है। इसमें कोई अन्तर करने का सवाल ही नहीं है। अगर आप मुझे इजाजत दें, तो मैं उस व्यक्ति को कांग्रेस-जन नहीं मानूंगा, जो चोरी करता हो, किसी की भी चोरी करता हो, व्यक्तिगत चोरी करता हो या शासकीय धन की चोरी करता हो, उसके लिए कड़ी सजा होनी चाहिए।

यह कहा गया है कि जब से टैलकाम और पोस्टल का बंटवारा हुआ है, तब से कम्प्लेंटेस बढ़ने के बजाय कम हो गई है। इसमें पूरा साल भर नहीं हुआ है। इसको करने में हमारा लक्ष्य यही था कि इसके फलस्वरूप कुछ चुस्ती आयेगी और कुछ काम अच्छा हो सकेगा। हम इसको निश्चित रूप से देख रहे हैं।

जहां तक केरल का सम्बन्ध है, श्री रवि की बात से ऐसा लगा कि शायद उनको ख्याल है कि केरल की तरफ़ कुछ दुर्लक्ष्य किया जा रहा है। इस समय जो आंकड़ मुझे मिल सके है, मैं उन्हें बताना चाहता हूं। उनसे पता चलेगा कि केरल की तरफ़ दुर्लक्ष्य करने का सवाल नही है, बल्कि केरल को टेली-कम्युनिकेशन्ज में दूसरे राज्यों से कही ज्यादा मिला हुआ है। एक हजार की आबादी पर केरल में 2.98 टैलीफ़ोन हैं, जब कि राजस्थान मे 1.99, उड़ीसा में .96........

सभापति महोदय : मंत्री महोदय अभी कितना समय और लेंगे ?

डा० शंकर दयाल शर्मा : 5, 7 मिनट।

MR. CHAIRMAN: I suppose the House will sit a few minutes more and dispose of this business:

SOME HON. MEMBERS: Yes.

डा० शंकर दयाल शर्मा : ... आन्ध्र में एक हजार की आबादी पर 2.18, कर्नाटक में 2.76 और मध्य प्रदेश में 1.28 टैलीफोन हैं।

यही नहीं कि मैंने सिर्फ आबादी के हिसाब से कह दिया है; 100 स्क्वैयर माइल पर केरल में 164 टैलीफ़ोन हैं, जब कि मध्य प्रदेश में 12, राजस्थान में 14, उड़ीसा में 14, आन्ध्र प्रदेश में 34 और कर्नाटक में 42 हैं। बिहार और उत्तर प्रदेश की स्थिति इससे कोई खास अच्छी नहीं है। वहां 14 और 20 के बीच में होंगे।

जहां तक इस बात का प्रश्न है कि एक पी० सी० ओ० से कितना एरिया सर्व होता है, केरल में 240 स्क्वैयर माइल पर एक पी० सी० ओ० है, जब कि मध्य प्रदेश में 2192 किलोमीटर में, राजस्थान में 769 किलोमीटर में, आन्ध्र में 490 किलोमीटर में और कर्नाटक में 282 किलोमीटर में एक पी० सी० ओ० है। टेलीफोन एक्सचेंज के सम्बन्ध में भी यही हालत है।

श्री रवि को मालूम है कि ट्रंक आटोमैटिक एक्सचेंज गत एक वर्ष में सिर्फ एक जगह लगी हैं, और वह जगह केरल में है। पहले शिकायत की गई थी कि केरल से बात नही हो पाती है। अब केरल के लिए एस० टी० डी० हो गया है। रात के वक्त एस० डी० डी० से सीधे सीधे बात कर सकते हैं। टेलीफोन आपरेटर, जिन से श्री रवि आज-कल कुछ नाराज हैं, बीच में नहीं आते हैं।

जो शिकायतें हैं, उन में से बहुत सी सही हैं, यह मुझे मालूम है। इसमें कोई दो रायें नहीं हैं कि टेली-कम्युनिकेशन्स की प्रगति के लिए, ... के लिए, ... करना है। ... में भी कोई दो रायें नहीं है कि हमारे ... पहले

[डा० शंकर दयाल शर्मा]

थे। उन में थोड़ा सुधार पहले आया था। लेकिन इमर्जेन्सी आने के बाद उन के कामों में काफी सुधार आया है, क्योंकि वे स्वयं मानते हैं कि जो कुछ हुआ है, वह उनके हित में है, इसलिए वे स्वयं ज्यादा मेहनत से काम कर रहे हैं, और उसके नतीजे भी सामने आये हैं। दिल्ली में ही ट्रंक-काल के मेच्युर होने की परसेंटेज 20 से ज्यादा बढ़ गई है।

हमारे यहां बहुत से तार डाक से जाया करते थे। उसके कारणों के बारे में हम ने कर्मचारियों और उन की यूनियनों से चर्चायें कीं, और उसके बाद हम ने रास्ता निकाला। पता चला कि सी० टी० ओ० से बहुत ज्यादा तार जाते थे। उस का कारण यह पता लगा कि अक्सर शाम के समय गवर्नमेंट के सब विभागों और बैंकों के तार वहां पहुंच जाते थे—सब 5 बजे के बाद पहुंचते थे। नतीजा यह होता था कि वे सब के सब बुक हो जाते थे, क्योंकि उन को प्राथमिकता मिलती है। हमने सब को लिखा है कि इस से कोई फायदा नहीं है, वे हमारी क्विक मेल सर्विस का उपयोग करें, जिससे उन का भी पैसा बचेगा और टेलीग्राफ से दूसरे लोगों को फायदा हो सकेगा। और दूसरे इससे कोई लाभ इसलिए नहीं होता कि रात को तार पहुंचा अर्जेन्ट और इम्मीडिएट उससे कोई फायदा नहीं हुआ। आप या तो यह कीजिए या जैसा हम ने आप को टेलीप्रिन्टर दे रखा है उस के जरिए से इन चीजों को पहुंचा दीजिए। उस का भी कुछ असर हुआ। फिर जो छुट्टी लेने के कुछ तरीके थे गलत सर्टिफिकेट दे कर उस पर भी हम ने और हैल्थ मिनिस्ट्री ने रोक लगाई। नतीजा यह हुआ कि अब जो तार डाक से जाते थे उनकी संख्या में अनहमैरिजिनेबल कमी आई है। बहुत ज्यादा कम हो गए हैं। मैं समझता हूं

कि अगर उस को परसेंटेज में लिया जाय तो पहले के मुकाबिले में शायद 80 फीसदी तक सुधार हो चुका है। एग्जैक्ट फिगर तो मैं नहीं दे सकता हूं, लेकिन जो रिपोर्टस मैंने बराबर बीकली ली हैं उन में बहुत ज्यादा सुधार हुआ है। तो एमर्जेंसी के बाद चीजों को सुधारने की बात हुई है।

एक बात और कही गई कि पिछड़े इलाकों का ख्याल रखा जाए। हम पूरा प्रयास कर रहे हैं। लेकिन हमारे साथ एक मुसीबत है कि हमारा कामर्शियल डिपार्टमेंट माना गया है। इस में हमारा जो भी विकास है वह हम अपनी आमदनी के अंदर ही कर सकते हैं। पंच वर्षीय योजना में हमारे लिए कोई अलग से रुपया नहीं मिलता है। जितनी हम आमदनी करेंगे उसी में से जितना हम खर्च करेंगे वह करना पड़ेगा। सिर्फ इसमें एक फारेन एक्सचेंज का जो कन्टेन्ट है वह हम को जनरल बजट से मिलेगा। हम को इस के अलावा जनरल पूल में भी कुछ कान्ट्रीब्यूट करना पड़ता है। इस कारण से स्वभाविक है कि हमें उन स्थानों को प्राथमिकता देनी होती है जहां पर कि रिटर्न होता है। आप लोग नाराज होते होंगे, हमारे यहां पत्र आते हैं और मेरा प्रयास होता है कि हर पत्र का उत्तर मैं दूं। अगर मालूमात के आने में देर होती है तो यह बात दूसरी है। लेकिन मुझको जैसे ही पत्र मिलता है मैं उस को एकनालेज करता हूं और प्रयास करता हूं, बराबर मैं ने आफिसर लगाए हैं इस बात के लिए कि वह इस का पीछा करें कि पार्लियामेंट के मेम्बर के जो पत्र आए हैं उनके उत्तर गए या नहीं गए। देर हुई तो क्यों हुई? अगर ज्यादा देर हुई तो उस आफिसर को तम्बीह दी जाय।

यह कहा गया है कि किसी मेम्बर पार्लियामेंट ने किसी की सिफारिश की और उसकी वह से किस व्यक्ति को वंचित करने का

प्रयास किया जा रहा है। मैं समझता हूं कि अगर ऐसा है तो हम बराबर उसको रोकेंगे क्योंकि मैंने यह कभी नहीं माना कि पार्लियामेंट के मेम्बर्स, जो लोगों के जेनुइन दिक्कतें है वह हमारे सामने न लायें। हम उसका स्वागत करते है। ऐसी बात तो बिल्कुल होने वाली नहीं है। जो भी आप सुझाव देते है अलग अलग जगहों के उनको हम देखते है। आपके जो पत्र आते है उनमें अक्सर हमें लिखना पड़ता है कि यह अनरेम्युनरेटिव है। और अनरेम्युनरेटिव होने पर हमारी कठिनाई है क्योंकि अगर हम यह करते रहें तो हम आगे बढ़ा नहीं सकते। वैसे अगर हमको रुपया मिले तो हम इस को भीट कर सकते है।

टेलीफोन की डिमांड्स बढ़ती जा रही है। अभी मैं गया था तो बम्बई में मुझे बताया गया कि अकेले बम्बई में 1 लाख 86 हजार की टेलीफोन की वैटिंग लिस्ट है। दिल्ली में शायद 1 लाख 8 हजार की है। हम इन चीजों को सुधारने का काम कर रहे है।

जहां तक इक्विपमेंट की बात है हम इक्विपमेंट के प्रोडक्शन को बढ़ाने का प्रयास कर रहे है। हम यह भी प्रयास कर रहे है कि जो हमारे प्रोडक्शन यूनिटस है उनमें स्पेयर्स का एक बड़ा परसेंटेज निश्चित रूप से बने ताकि वह वहां दिया जा सके। जहां तक कि स्पेयर्स पार्ट्स का सवाल है, चीजों का सवाल है, केरल तो दूसरे राज्यों के मुकाबले थोड़ा बेटर पोजीशन में है क्योंकि हमारा आई० टी० आई० का जो मेन कारखाना है वह केरल में है और दूसरे केरल को यह भी शिकायत नहीं हो सकती, एक दूसरा कारखाना पालघाट में है। पालघाट में एलैक्ट्रोनिक पी० ए० बी० एक्स० है। तो हम पूरा पूरा प्रयास कर रहे है कि ये चीजें हों।

दिल्ली की बात एक कह कर मैं खत्म करूंगा। यहां पर हमने टीम्स बनाई है। यह हम सब जगह करने वाले हैं। यहां हमने एक्सपर्टस की टीम्स बनाई हैं जो हर ऐक्सचेंज में जायेंगी, देखेंगी कमियों को और जो भी वहां कमी होगी, उसको केवल बताएंगी ही नहीं उन चीजों को ठीक करने का प्रयास भी करेंगी। छ टीमें यहां बनाई गई हैं। तीन टीमें एक्सचेंज को देखने के लिए, तीन ट्रांसमिशन को देखने के लिये और एक जो हमारा बिल्डिंग है उसको देखने के लिये होगी। उनका हमने एक टाइम शेड्यूल बनाया है। उस टाइम शेड्यूल के बाद वह आयेंगे। आशा है कि उसके नतीजे में थोड़ी एम्प्रूवमेंट जरूर आयेगी। कुछ वर्कर्स का कोआपरेशन मिलने की वजह से और कुछ इन प्रयासों से हम कुछ ज्यादा अच्छा काम कर सकेंगे। हम आपके सझावों का हमेशा स्वागत करते है। जो भी पार्लियामेंट के मेम्बर चर्चा करना चाहे राज्य की या दूसरी किसी जगह की, हम उनके साथ चर्चा करते है। वह अपनी कठिनाइयां बताते है। लेकिन जब भी चर्चा या जो भी सुझाव होते है चाहे वे किसी भी दल के हों, हम उनको अपने वश भर ठीक करने का प्रयास करते हैं। यही आप आश्वासन चाहे तो मैं दे सकता हूं और यही मैं कह सकता हूं क्योंकि बात इतनी लम्बी है कि सब जगह इसकी परेशानी है।

एक बात और कह कर खत्म करूंगा। यही नहीं, जो भी विकसित देश है उनकी हालात के बारे में मैं एक बात सिर्फ बता दूं कि अभी योरोपा एक निकला है, उसमें एक मजाक आया था, पूरा एक आर्टिकल था टेलीकम्युनिकेशन और पोस्टल सर्विसेज के ऊपर, उसमें लिखा था कि फ्रांस में एक कहावत है, वहां यह कहा जाता है कि आधे फ्रांस के लोग तो उनके यहां टेलीफोन लग जाय इसका इंतजार कर रहे हैं और बाकी आधे लोग डायल टोन का इंतजार कर रहे हैं। यानी हम बुरे है, हमको ठीक होना चाहिये...

सभापति महोदय : कृपया उसका अनुसरण यहां न हो ।

डा० शंकर दयाल शर्मा : यह मैं उनको बुरा बताने के लिये नहीं कह रहा हूं । मैं यह भी जानता हूं, और मैं यह बता दूं कि फ्रांस की टेलीकम्युनिकेशन सर्विस हमसे बेटर है । मैं यह नहीं कहता कि हम उन से अच्छे हैं । लेकिन यह मैंने इसलिए बताया कि यह कठिनाई रहती है । हम अपना प्रयास कर रहे हैं । और आपका सहयोग मिलेगा तो आशा करते हैं कि चीज सुधरेंगी और टेलीफोन वायर की थेफ्ट भी कम होगी । जितनी दिलचस्पी आपने इसमें दिखाई है उसके लिये मैं आप सबका आभारी हूं ।

सभापति महोदय : प्रश्न है--

"कि तारयंत्र तार (विधि विरुद्ध कब्जा) अधिनियम, 1950 का और संशोधन करने वाले विधेयक पर, राज्य सभा द्वारा पास किए गए रूप में विचार किया जाए "

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ ।

..The motion was adopted.

सभापति महोदय : अब हम खण्डश. विचार आरम्भ करेंगे ।

खण्ड 2 पर कोई संशोधन नहीं है ।

"प्रश्न है कि खण्ड 2 विधेयक का अंग माना जाए" ।

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ ।

..The motion was adopted.

Clause 2, was added to the Bill.

Clause 3— (*Amendment of section 5.*

श्री रामावतार शास्त्री (पटना) : मैं प्रस्ताव करता हूं कि :

Page 1, line 17,—

for "five" *substitute* "three" (3)

Page 1, line 17,—

for "or with fine or with both," *substitute* "and fine" (4)

Page 2, line 2,—

for "one year" *substitute*—"six months" (5)

सभापति महोदय, टेलीग्राफ तार की चोरी को मैं महापाप मानता हूं भारत की परम्परागत भाषा के अनुसार । इसका समर्थन कोई नहीं कर सकता और उसके लिये कठोर से कठोर सजा की व्यवस्था होनी चाहिये । मैं बराबर इस हक में रहा हूं कि सजा कड़ी से कड़ी दी जाय । उसके बावजूद मैंने संशोधन पेश किया है कि सजा में कमी की जाय । उसे मैंने पांच साल से तीन साल करने की कोशिश की है । मैं इसे छोड़ सकता हूं अगर आप "या" को खत्म करने को तैयार हों । यानी आप पांच साल सजा दे रहे है, पांच साल सजा देंगे या जुर्माना करेंगे तो दस रुपया भी जुर्माना हो सकता है या ज्यादा से ज्यादा आप एक हजार जुर्माना करेंगे, यह व्यवस्था आपने की है । फाइव इयर्स और विद फाइन यह रख रहे हैं । फाइन को आपने उसमें व्याख्या भी नहीं की है कि क्या होगा । तो मैं इस ख्याल का हूं कि अब वह समय आ गया है कि आप केवल सजा की बात ही कीजिये और जुर्माना की बात कीजिये तो 'या' नहीं कह करके सजा और जुर्माना दोनों की बात कीजिये । यानी पांच साल की सजा भी हो और जुर्माना भी हो । लेकिन आप इसको मान नहीं रहे हैं । इसीलिये मैंने कहा कि तीन साल और जुर्माना जरूर कीजिये । लेकिन मैं तीन साल को छोड़ने के लिये तैयार हूं । केवल आप 'या' को खत्म करके और कहिये । इतना ही मेरा संशोधन है । और यह आप से बराबर कीजिये आप ।

इसके सिलसिले में कहा इस तरह की व्यवस्था आपको जरूर करनी चाहिये कि चोरी करने में जो सहायक होते हैं, पुलिस के लोग चोरी करवाते है, आपके विभाग के लोग चोरी करवाते है, उनको भी जरूर कुछ सजा की व्यवस्था होनी चाहिये । इस बात की व्यवस्था मैंने इस बिल में कहीं नहीं देखी । इसलिये मेरा यह बड़ा सिम्पल संशोधन है । इसको मंत्री महोदय मान लें । एक संशोधन मैं वापिस लेने को तैयार हूं संशोधन नं० 3, यानी पांच के बदले तीन करने का, लेकिन 'या' को आप खत्म कर दीजिये, आप "और" कहिये यानी सजा और जुर्माना, मैं उसके लिये तैयार हूं । नहीं तो, मै अपने संशोधन पर वोटिंग चाहूंगा । संशोधन नं० 4 को मैं चाहूंगा कि आप मान लीजिये । 3 पर मै अड़ने को तैयार नहीं हूं क्योंकि मैं कठोर सजा का पक्षपाती हूं । लेकिन 4 तो मानिये ।

डा० शंकर दयाल शर्मा : सभापति महोदय, शास्त्री जी ने बड़े जोर से तर्क दिया । एक तरफ पांच को तीन करने की बात, यानी सजा कम करने की बात थी और एक तरफ सख्त करने की बात थी । लेकिन यहां पर बात यह है कि यह प्रावधान तो पुराने हैं, चले आ रहे हैं, बराबर और हमने इसमें कोई खास तब्दीली नहीं की है । हमने तब्दीली तो सिर्फ यह की है कि पहले आफ़ेंस पर हमने प्रावधान किया है कि एक साल या 1 हजार जुर्माना । अगर इससे कम करेंगे तो उन्हें इसको लिखित में देना होगा । यानी उनको अपने आर्डर में इसको बताना होगा कि क्यों कम दे रहे हैं । तो मेरी यह प्रार्थना है कि जो चीज मेन ऐक्ट में अब तक चली आ रही है उसमें हम कम करने की या दूसरी बात अभी न करें । अभी जो आई० जी पुलिस वगैरह ने हमको बताया है उसको हमने किया है ।

एक बात और है कि जो चोरी में सहायता करे . . . .

श्री रामावतार शास्त्री : पांच साल के बारे में भी दिया है संशोधन । वह अलग है । एक साल वाला अलग है ।

डा० शंकर दयाल शर्मा : शास्त्री जी, 'ऐंड' और 'आर' दोनों चले आ रहे हैं । 'ऐंड' भी वह दे सकते हैं, 'आर' भी दे सकते हैं ।

अबेटर का, सहायक का जहां तक प्रश्न है वह तो क्रिमिनल ला का उसूल है । उसके मुताबिक जो भी अबेटर है उसको सजा मिलती है । इसका अलग से प्रावधान करने की आवश्यकता नहीं है । वह तो इसमें है ही । मैं आशा करता हूं, शास्त्री जी, इस बात को देख कर कि हमें इस काम को आगे बढ़ाना है, इस को ज्यादा प्रेस नहीं करेंगे ।

इस मौके पर हमारे जो भण्डारा के एम० पी० श्री हेड़ाऊ हैं, उन्होंने जो कहा है उसके सम्बन्ध में मैं उनको बता दूं, मैंने पहले भी साफ़ कर दिया था कि हमारे तार कहीं निकले हैं, तो इसको जरूर देखेंगे, लेकिन रिपोर्ट करने के बाद कार्यवाही प्रदेश शासन करता है । इसके आगे हमारा काम नहीं है । जो लोग ज्यादा इस तरह की कार्यवाही करते है, उनके खिलाफ मीसा का प्रयोग हो, तो हम इस का स्वागत करेंगे ।

श्री राम हेडाऊं (रामटक) : शासन ने उस केस को दबा दिया है । इस केस की एनक्वायरी करवा ली जाय तो मामला सामने आ जाएगा ।

सभापति महोदय : शास्त्री जी, क्या आप अपनी तीनों अमेंडमेंट्स वापिस लेना चाहते हैं ?

श्री रामावतार शास्त्री : मैं अमेंडमेंट संख्या 4 को प्रैस करूंगा, लेकिन अमेंडमेंट संख्या 3 और 5 को वापस लेना चाहता हूं ।

Amendments Nos. 3 and 5 were, by leave, withdrawn

सभापति महोदय : अमेंडमेंट सं० 4—प्रश्न है —

Page 1, line 17,—

for "or with fine, or with both," substitute—
"and fine," (4)

संशोधन अस्वीकृत हुआ ।

The motion was negatived

सभापति महोदय : प्रश्न है—

"खण्ड 3 विधेयक का अंग बने" ।

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ ।

The motion was adopted

Clause 3 was added to the Bill.

सभापति महोदय : खण्ड 4, 5 तथा 6 पर कोई संशोधन नहीं है ।

प्रश्न है—

"खण्ड 4, 5 तथा 6 विधेयक का अंग बने"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ ।

The Motion was adopted

Clauses 4, 5 and 6 were added to the Bill

Clause 1—(*Short title*)

सभापति महोदय : खण्ड 1—इस पर मंत्री जी का संशोधन सं० 2 है । क्या आप इसे प्रस्तावित करना चाहते हैं ?

डा० शंकर दयाल शर्मा : मैं प्रस्ताव करता हूं—

Page 1, line 4,—

for "1974" *substitute* "1975" (2)

यह बिल्कुल कासीक्वैंशल संशोधन है, अतः इन्हें स्वीकार किया जाये ।

Page 1, line 4,—

for "1974" *substitute* "1975" (2)

संशोधन स्वीकृत हुआ ।

The motion was adopted

सभापति महोदय : प्रश्न है—

"खण्ड सं० 1, संशोधित रूप में, विधेयक का अंग बने ।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ ।

The motion was adopted.

Clause 1, as amended, was added to the Bill.

Enacting Formula

सभापति महोदय : "इनैक्टिंग फ़ार्मुला (अधिनियमन सूत्र) पर मंत्री महोदय का संशोधन संख्या 1 है ।

क्या आप इसे प्रस्तावित करना चाहते हैं ?

डा० शंकर दयाल शर्मा : मैं प्रस्ताव करता हूं—

Page 1, line 1,—

for "Twenty-fifth" *substitute* "Twenty-sixth" (1)

सभापति महोदय : प्रश्न है—

Page 1, line 1,—

for "Twenty fifth" *substitute* "twenty sixth" (1)

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ ।

The motion was adopted

सभापति महोदय : प्रश्न है—

"अधिनियम के सूत्र (इनेक्टिंग फारमूला) संशोधित रूप मे, स्वीकार किया जाए ।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ ।

The motion was adopted

The Enacting Formula, as amended, was added to the Bill.

सभापति महोदय : प्रश्न है—

"नाम (लांग टाइटल) विधेयक का अंग बनं ।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ ।

The motion was adopted.

The Title was added to the Bill.

डा० शंकर दयाल शर्मा : मैं प्रस्ताव करता हूं कि इस बिल को संशोधित रूप मे पास किया जाए ।

सभापति महोदय : प्रश्न है —

"यह विधेयक संशोधित रूप में पारित किया जाए ।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ ।

The motion was adopted.

सभापति महोदय : सदन कल 11 बजे तक के लिये स्थगित किया जाता है ।

18.25 hrs.

The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock on Thursday, July 31, 1975/Sravana 9, 1897 (Saka).

GMGIPND—M—1185 L S—978